हरिभूमि रायपुर भूमि





# पवित्र अमरनाथ दर्शन 28 जून से, मेडिकल के लिए जिला अस्पताल और पंजीयन कराने बैंकों में उमड़ी भीड़

**डेढ़ महीने दर्शन का दौर, छत्तीसगढ़ से जाएंगे 25 हजार से ज्यादा श्रद्धालु**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पवित्र अमरनाथ दर्शन 28 जून से प्रारंभ होगा। इस पवित्र यात्रा के लिए मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने जिला अस्पताल और पंजीयन कराने बैंकों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। श्रद्धालुओं के लिए अलग से इंतजाम नहीं होने की वजह से दोनों स्थानों पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग डेढ़ महीने चलने वाले इस दर्शन के दौर में छत्तीसगढ़ से करीब 25 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस यात्रा में शामिल होने वाले को फिट होना जरूरी होता है, इसके लिए उन्हें अपनी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना होता है। जिला अस्पताल में पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे लोगों की भीड़ लगी हुई है जो नेत्र, बीपी-शुगर सहित अपनी अन्य जांच कराने के बाद सर्टिफिकेट प्राप्त कर रहे हैं। ओपीडी के टाइमिंग में होने वाली जांच के दौरान अमरनाथ यात्रियों के लिए पृथक व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी आपाधापी वाली स्थिति बन रही है। कुछ इसी तरह की हाल पंजीयन के लिए तीन बैंक जम्मू एंड कश्मीर, पीएनबी तथा स्टेट बैंक में हो रही है। यहां भी इन यात्रियों को के लिए अलग से इंतजाम नहीं हो के कारण आपाधापी जैसी स्थिति बनी हुई है। मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने तथा पंजीयन कराने के लिए सुबह से अस्पताल और बैंक में भीड़ जुट रही है। जून के अंतिम दिनों शुरू होने के बाद रक्षाबंधन तक चलने वाली इस डेढ़ महीने की यात्रा में इस बार छत्तीसगढ़ से करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### राजधानी से पहला जत्था 25 जून को

*अमरनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रणय तिवारी ने बताया कि बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए राजधानी से भी बड़ी संख्या में लोग रवाना होते हैं। उन्होंने संभावना जताई कि पहला जत्था संभवतः 25 जून को रायपुर से ट्रेन से रवाना होगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहलगाम और बालटाल दोनों रुट से जाते हैं। अमरनाथ सेवा समिति पिछले दस सालों से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करती है।*

### प्रतिदिन सौ से ज्यादा को सर्टिफिकेट

*जिला अस्पताल में अमरनाथ यात्रियों की विभिन्न तरह की जांच के बाद उन्हें मेडिकल प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। अस्पताल में सामान्य मरीजों के अलावा करीब सौ यात्रियों की विभिन्न तरह की जांच की जा रही है। जिला अस्पताल में आरएफटी-एलएफटी टेस्ट की सुविधा नहीं होने की वजह से इन श्रद्धालुओं को आंबेडकर अस्पताल जाकर अपनी जांच करानी पड़ रही है। यात्रियों ने सीएमएचओ के नाम ज्ञापन सौंपकर अमरनाथ यात्रियों की स्वास्थ्य जांच के लिए पृथक से शिविर लगवाने की मांग की है। उनका तर्क है सामान्य उपचार व्यवस्था के बीच उनकी जांच के बाद रिपोर्ट मिलने में एक-दो दिन लग जाता है।*

## खबर संक्षेप

### फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर ठगी, अब तक अपराध दर्ज नहीं

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र के एक बुजुर्ग किसान ने एक व्यक्ति के खिलाफ फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर उसकी 50 लाख रुपए की जमीन बेच कर ठगी करने की थाने के साथ पुलिस अफसरों के पास तथा मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है। किसान रिखिराम चंद्राकर ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। रिखिराम ने आरोप लगाया है कि गिरीश साहू ने उसकी जमीन का फर्जी मुख्तियार नामा बनाकर प्रशांत चंद्राकर के पास बिक्री कर दिया। जानकारी मिलने पर रिखिराम ने नौ जनवरी को घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करने पर पीड़ित किसान ने एसपी, आईजी के साथ मुख्यमंत्री के पास शिकायत दर्ज कराई है।

### किशोरी से रेप, आरोपी को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व 12 वर्षीय किशोरी के साथ रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल काछी की प्रथम फास्ट ट्रैक पॉक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के मुताबिक कोर्ट ने सोनू चेलक को कैद की सजा सुनाई है। सोनू ने अपनी मौसी के घर घूमने आई किशोरी को डरा धमकाकर अपनी बाइक में बैठाकर 14 दिसंबर 2024 को डूमरतराई में अपने दोस्त के घर ले जाकर बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया था।

## वेदांता हादसा, रोते, बिलखते परिजन अपनों की जान बचाने कर रहे प्रार्थना

# लंच ने बचा ली मजदूरों की जान...अन्यथा मृतकों की संख्या होती कई गुना ज्यादा

*एक घायल फरवरी में बेटी विदा कर ड्यूटी पर लौटा था, अब जिंदगी के लिए कर रहा संघर्ष*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सक्ती के वेदांता प्लांट में बायलर विस्फोट में गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों का उपचार रायपुर स्थित कालड़ा अस्पताल में चल रहा है। उपचार के लिए रायपुर लाए जा रहे चार घायलों में दो ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिन घायलों का उपचार चल रहा है, उनमें उत्तरप्रदेश का रहने वाला किस्मत अली तथा झारखंड निवासी रूपिंदर साहू शामिल हैं। घायलों की हालत चिंताजनक है। घायलों के परिजनों ने बताया कि उन लोगों को उपचार कर रहे चिकित्सकों ने 24 घंटे के बाद कुछ बता पाने की बात कही है। यहां श्रमिक साथियों से हरिभूमि ने बात की तो पता चला कि घटना लंच समय की थी। लंच होने की वजह से ज्यादातर मजदूर खाना खाने चले गए थे। इस कारण घटना के समय एक चौथाई से कम मजदूर काम कर रहे थे। घटना अगर वर्किंग समय में होती, तो हादसे की भयावहता की कल्पना करना भी मुश्किल है। काम के समय बायलर फटता, तो मृतकों के साथ घायलों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है।

किस्मत अली के बड़े भाई जो पुणे में काम करते हैं, ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि भाई के घायल होने की जानकारी मिलने के तत्काल बाद वो रायपुर पहुंचे। स्टेशन से उतरने के बाद किस्मत अली का हाल जानने सीधा कालड़ा अस्पताल पहुंचे। बड़े भाई ने अपने छोटे भाई किस्मत से मिलने डॉक्टरों से गुहार लगाई। डॉक्टरों ने सुरक्षा कारणों से बड़े भाई को बर्न यूनिट के विंडो से देखने की अनुमति दी।



### प्रत्यक्षदर्शी ने बताई भयावहता


*वेदांता में काम करने वाले एक मजदूर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया, हादसा दोपहर दो से ढाई बजे के बीच का है। प्लांट के यूनिट वन के बायलर में जब धमाका हुआ, उस समय प्लांट के अंदर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। प्लांट में काम कर रहे मजदूर बुरी तरह से डर गए। प्लांट के अंदर अफरा-तफरी मच गई। जिस ओर धमका हुआ था, उस ओर सभी मजदूर अपने साथी मजदूरों की जान बचाने के लिए दौड़े। हादसे वाली जगह पर चीख-पुकार मची थी।*

### मृतक, घायल एनजीएसएल के कर्मी

*वेदांता पावर प्लांट का सब-कॉन्ट्रैक्टर एनजीएसएल के पास है। जिस यूनिट वन में हादसा हुआ, उस यूनिट के रख रखाव का ठेका एनजीएसएल के पास था। उसी ठेका कंपनी के मजदूर हादसे में मरने के साथ घायल हुए हैं। जिन मजदूरों का कालड़ा नर्सिंग होम में उपचार चल रहा है, उपचार का खर्च संबंधित ठेका कंपनी द्वारा दिए जाने की जानकारी घायल मजदूरों के परिजनों ने दी है।*

### काम करने वाले सभी चपेट में आए

*प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार घटना के समय यूनिट वन में 50 के करीब मजदूर काम कर रहे थे। बायलर में विस्फोट होने के बाद पाइप से गर्म पानी के साथ गर्म राखड़ पूरे परिसर में फैल गई। जो आठ मजदूर बायलर पाइप के पास कम कर रहे थे, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चार ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ा। दो अन्य की बुधवार को रायपुर लाते मौत हो गई। मौके पर उपस्थित शेष अन्य घायल हुए हैं।*



### संसाधन के हिसाब से राहत और बचाव

प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार घटना के समय वो यूनिट टू में काम कर रहा था। हादसे की जानकारी मिलने पर वे अपनी बस के साथ बोलेरो कार घटना स्थल के पास ले गए और मजदूरों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने लगे। गंभीर मरीजों को रायगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया।

### हालत बिगड़ने पर रायपुर लाए

किस्मत अली, रूपिंदर तथा दो अन्य को उपचार कराने रायगढ़ ले जा रहे थे। इस दौरान चंद्रपुर के पास किस्मत अली तथा अन्य घायलों की स्थिति बिगड़ने लगी। इसके बाद राहत तथा बचाव कार्य में लगे कर्मियों ने त्वरित निर्णय लेते हुए उन सभी चार मजदूरों को उपचार के लिए रायपुर लाने निर्णय लिया, जिनमें से दो मजदूरों की रास्ते में मौत हो गई।

### बेटी की शादी करने के बाद लौटा था

प्लांट हादसा में गंभीर रूप से घायल रूपिंदर फरवरी में अपनी बड़ी बेटी की शादी करने झारखंड गया था। रूपिंदर का एक छोटा भाई भी वेदांता में काम करता है। उसने बताया कि बड़े भैया पिछले महीने ड्यूटी पर लौटे हैं। रूपिंदर की तीन बेटी तथा एक बेटा है। घटना के समय रूपिंदर का भाई दूसरी यूनिट में काम कर रहा था।

### हादसा और बड़ा तथा भयावह होता, हीट होने पर फटा बायलर

प्रत्यक्षदर्शी मजदूर ने जैसा बताया है, उसके मुताबितक प्लांट में रख रखाव करना उनका काम है। मजदूर के अनुसार बायलर फटने की जो प्रारंभिक जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक बायलर काफी ज्याद हीट हो गया, इस वजह से फट गया और बायलर पाइप का गर्म पानी और राखड़ के छींटे पड़ने से मजदूरों की मौत हुई है और घायल हुए हैं।

## गर्मी का प्रकोप, रायपुर बिलासपुर 42 के करीब नांदगांव 43 तक पहुंचा



- अगले चार दिनों तक हीट-वे की आशंका, तीन डिग्री तक चढ़ सकता है पारा
- तेज धूप से झुलसा रायपुर, खुले इलाकों में गर्म हवा का ज्यादा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की सीमा यानी अंबिकापुर और बस्तर को छोड़कर शेष इलाकों में गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। बुधवार को रायपुर, माना और बिलासपुर का तापमान 42 डिग्री के करीब रहा, मगर राजनांदगांव 43 के पार हो गया। तेज धूप से शहर के लोग दोपहर में झुलसते रहे और गर्म हवा का ज्यादा असर खुले इलाके में महसूस हुआ। उत्तर-पश्चिम की हवा अब आग की तपिश लेकर आ रही है, जिससे बुधवार को प्रदेश का काफी इलाका झुलसता रहा। पिछले चौबीस घंटे में लालपुर का तापमान आधा डिग्री बढ़ा, मगर गर्मी का ज्यादा असर शहरी इलाके में देखने को मिला। गर्मी से बचाव के लिए ▶▶| शेष पेज 13 पर

## आईपीएल क्रिकेट सट्टे का जाल, मुंबई ओडिशा, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में रेड

**पुलिस ने छापेमारी कर तीन पैनल नेटवर्क को किया ध्वस्त 20 गिरफ्तार**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लड़कों की भर्ती कर संचालित कर रहे थे आईपीएल सट्टा की दुकान

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर आईपीएल क्रिकेट सट्टा के एक इंटर स्टेट गिरोह के 20 सटोरियों को गिरफ्तार कर तीन पैनल नेटवर्क को ध्वस्त किया है। पुलिस ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, महासमुंद, बालोद के साथ महाराष्ट्र, ओडिशा में रेड कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 10 लैपटॉप, 87 मोबाइल, 23 सिम कार्ड, अलग-अलग बैंकों के 72 एटीएम कार्ड के साथ तीन चेक बुक, कैश ▶▶| शेष पेज 13 पर

### ट्रांजेक्शन की मिली जानकारी

आरोपियों के कब्जे से जब्त बैंक अकाउंट से पुलिस को चार करोड़ रुपए से ज्यादा सट्टे की रकम के लेन-देन की जानकारी मिली है। पुलिस ने ट्रांजेक्शन, फाइनेंशियल जांच के आधार पर आने वाले दिनों में सट्टा रैकेट के गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

### मंजीत सिंह की निशानदेही पर कार्रवाई

पिछले दिनों सट्टा संचालन करने के आरोप में गिरफ्तार मंजीत सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सटोरियों के तीन पैनल को ध्वस्त करने में कामयाबी हासिल की है। मंजीत से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मंजीत तथा उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पूरे पैनल को ध्वस्त किया है।

### सटोरियों के नाम और उनकी भूमिका

जांच में सामने आया कि टाटीबंध निवासी मनदीप सिंह पूरे नेटवर्क का लोकल आपरेटर था, जो मोबाइल के जरिये आईडी बनाकर सट्टा खिलाता था। कमलेश देवांगन कलेक्शन एजेंट की भूमिका में था, जो खिलाड़ियों से रकम इकट्ठा करता था। यह रकम नकदी और हवाला के जरिये जमा करवाई जाती थी। मुंबई में सक्रिय हर्ष नागदेव बजरंग बुक पैनल का मुख्य संचालक था, जो अपने साथियों के साथ बड़े स्तर पर सट्टा आपरेट कर रहा था। ओडिशा के भवानीपटना में खुमान साहू रेड्डी बुक पैनल चला रहा था, जहां से आनलाइन बेटिंग का संचालन हो रहा था। दुर्ग में हरीश नायक उर्फ भोला नायक और सन्नी देवांगन ओडिशा पैनल का लोकल आपरेटर था, जो आईडी वितरण और नेटवर्क विस्तार का काम कर रहा था। इसके अलावा मुंबई से धरमराज, फते सिंह यादव, कुनाल भोई, शत्रुघन कोमरे, सुनील कोमरे, तुलसी दास उर्फ प्रिंस, शुभम शीतलानी, सुशील पासवान और ओडिशा से गौरव राय, शुभम उईके, आकाश सागर, किशन कुमार, अभिषेक भारती, विनय कुमार सहित अन्य आरोपित तकनीकी संचालन, आइडी मैनेजमेंट और बैंकिंग ट्रांजेक्शन संभाल रहे थे।


## नगर निगम खरीदेगा 25 नए टैंकर, शासन को भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- निगम के पास वर्तमान में 18 विभागीय टैंकर, मुख्यालय के पास 48 पानी टैंकर
- जल विभाग ने नए पानी टैंकर खरीदने भेजा प्रस्ताव

रायपुर नगर निगम आने वाले दिनों में 25 नए पानी टैंकर की खरीदी करेगा। पुराने पानी टैंकर की हालत जर्जर होने और शहर के विस्तार के हिसाब से विभागीय पानी टैंकरों की संख्या कम होने से जल विभाग ने 25 नए पानी टैंकर खरीदने का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। स्वीकृति मिलते ही नियम अनुसार नए टैंकर की खरीदी की जाएगी।

दरअसल, नगर निगम के दस जोनों में शहर के 70 वार्डों के जल संकट प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान में केवल 18 विभागीय पानी टैंकर उपलब्ध हैं। जबकि निगम मुख्यालय के पास 48 पानी टैंकर की व्यवस्था है।



मुख्यालय द्वारा इन पानी टैंकरों का उपयोग विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों, विशिष्ट आयोजन और अलग-अलग जोन के साथ समन्वय बनाकर मांग आने पर टैंकर उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अलावा आम जनता को धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए जरूरत के अनुसार मांग करने उपलब्ध कराया जाता है। पानी टैंकरों की सीमित संख्या को देखते हुए 25 पानी टैंकर क्रय करने प्रस्ताव बनाकर शासन के पास भेजा गया है।

### प्रस्ताव भेजा है

20 से 25 नए पानी टैंकर क्रय करने राज्य शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर कर नए पानी टैंकर की खरीदी की जाएगी।

**- नरसिंग फरेंद्र,** कार्यपालन अभियंता जल विभाग, नगर निगम रायपुर

खबर संक्षेप




## रेलवे अंडरब्रिज में अंधेरा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सिलयारी।** ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने मांग की कि अंडरब्रिज में तत्काल प्रकाश (लाइट) की समुचित व्यवस्था की जाए तथा नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, जिससे धूल और असुविधा से आमजन को राहत मिल सके।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि निर्माण के मात्र 15 दिनों के भीतर ही सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, जिसे तत्काल सुधारना आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की बड़ी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाईपास रोड को शीघ्र प्रारंभ करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि बाईपास निर्माण में हो रही देरी के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, अतः इसे तत्काल चालू किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री उद्यो वर्मा, सिलयारी मंडल अध्यक्ष श्री शेखर यादव, श्री मनोज शर्मा, श्री संतोष शर्मा, श्री कन्हैया यादव, श्री राजकुमार साहू, श्री कुंदन वर्मा, श्री प्रकाश ठाकुर, श्री उत्तम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैस के लिए लंबी कतार, लोग परेशान और जिम्मेदार हैं मौन

**चंदखुरी।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आरंग, मंदिर हसौद, चंदखुरी, नया रायपुर, समोदा, भानसोज, भैषा एवं खरोरा सहित



विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गैस वितरण केंद्रों पर आम जनता गंभीर संकट का सामना कर रही है। पभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। स्थिति को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि क्या एजेंसियों द्वारा जानबूझकर कृत्रिम कमी और पैनिक की स्थिति पैदा की जा रही है, या फिर शासन स्तर से पर्याप्त आपूर्ति ही सुनिश्चित नहीं की जा रही है। इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों की रिफ़िलिंग अवधि निर्धारित होने के बावजूद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जबकि जिम्मेदार विभाग एवं प्रशासनिक तंत्र निष्क्रिय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है—गांवों में लोग पुनः लकड़ी और पारंपरिक ईंधन पर निर्भर होने को मजबूर हैं, महिलाएं धुएं में खाना पकाने को विवश हैं, जबकि प्रशासनिक स्तर पर स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया जा रहा है।

# शिक्षिका चंचल ने नवीन प्रयोगों से शिक्षा जगत में मिसाल कायम की

## सांकरा में शिक्षिका के नवाचारों से महक उठा सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बच्चे के सर्वांगीण विकास और उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। रायपुर जिले के विकासखंड धरसींवां अंतर्गत ग्राम सांकरा के पूर्व माध्यमिक शाला में एक ऐसी ही सुखद तस्वीर उभरकर सामने आई है, जहां शिक्षिका चंचल विजय शुक्ला के अथक प्रयासों और नवीन प्रयोगों ने शिक्षा जगत में एक नई मिसाल कायम की है। अक्सर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे किन्हीं कारणों से विद्यालय से दूरी बना लेते हैं, लेकिन सांकरा में चंचल शुक्ला ने इस चुनौती को एक अवसर में बदल दिया है।

विद्यालय से दूर हो रहे बच्चों को पुनः कक्षा तक लाने के लिए शिक्षिका द्वारा अपनाई गई भावनात्मक पहल आज पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। जब बच्चे स्कूल आने से कतराने लगे, तो चंचल शुक्ला ने उनकी समस्याओं को गहराई से समझने के लिए उनसे सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों को यह विश्वास दिलाया कि विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि उनके सपनों को उड़ान देने वाला एक सुरक्षित स्थान भी है। इस आत्मीय जुड़ाव का परिणाम यह हुआ कि जो बच्चे कल तक पढ़ाई से विमुख थे, आज वे उत्साह के साथ स्कूल की चौखट पर खड़े हैं। चंचल शुक्ला का यह प्रयास न केवल बच्चों के भविष्य को संवार रहा है, बल्कि समुदाय में भी शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर रहा है।

शिक्षण के पारंपरिक तरीकों से हटकर शिक्षिका ने यहां 'कला आधारित शिक्षा' पर विशेष जोर दिया है। विज्ञान जैसे जटिल विषय को कला के साथ जोड़कर वे बच्चों की रचनात्मकता को निखार रही हैं, जिससे छात्र स्वयं कविताएं और लेख लिखकर वैज्ञानिक पहलुओं को सहजता से समझ रहे हैं।



### इस्पायर अवार्ड की तैयारी

इन उपलब्धियों का ही परिणाम है कि शिक्षिका चंचल शुक्ला के मार्गदर्शन में विगत तीन वर्षों से लगातार सांकरा के तीन बच्चों का चयन प्रतिष्ठित 'इंस्पायर अवार्ड' के लिए हो रहा है। इसके साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे दक्ष, स्मृति पुस्तकालय, ज्ञान भारतम् और मिशन उत्कर्ष में उनका योगदान सराहनीय रहा है। इस अनुकरणीय कार्य की जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत सांकरा द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है। जिला प्रशासन रायपुर और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के कुशल मार्गदर्शन में चंचल शुक्ला द्वारा संचालित यह नवाचार आज छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में एक चमकता हुआ सितारा बनकर उभरा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का किया स्वागत और विधायक अनुज शर्मा ने भरा उत्साह

# 33 फीसदी महिला आरक्षण पर छलका उत्साह भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवां

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के जरिए महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण का उल्लास अब सड़कों पर उतर आया है। इस ऐतिहासिक निर्णय का जश्न मनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा धरसींवा विधान सभा के पुराने विधानसभा चौक पर एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में जुटी महिलाओं ने अपनी उपस्थिति से न केवल अपनी ताकत दिखाई, बल्कि देश की राजनीति में आने वाले बड़े बदलाव का शंखनाद भी किया। इस गौरवशाली अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं कार्यकर्ताओं के बीच पहुँचकर उनका मनोबल बढ़ाया।

रैली का माहौल बेहद ऊर्जावान रहा, जहाँ महिला कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा और पार्टी का ध्वज थामे 'भारत माता की जय' और 'नारी शक्ति वंदन' के गगनभेदी नारे



लगा रही थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल एक विधेयक के पारित होने का उत्सव नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला एक नया अध्याय है।


उन्होंने जोर देकर कहा कि अब देश की संसद और विधानसभाओं में हमारी माताएं-बहनें सिर्फ चर्चा का विषय नहीं होंगी, बल्कि वे स्वयं राष्ट्र निर्माण की नीतियां बनाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के स्वाभिमान का शंखनाद है, जिससे देश की आधी आबादी को उनका वास्तविक अधिकार मिला है।

विधायक शर्मा ने महिलाओं के सामर्थ्य को रेखांकित करते हुए कहा कि जो हाथ रसोई संभाल सकते हैं और बच्चों का भविष्य गढ़ सकते हैं, वही हाथ अब सदन में देश की बागडोर संभालने के लिए मजबूती से उठेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी धरती हमेशा से 'दाई-बहिनी' के सम्मान के लिए जानी जाती है और अब महतारी वंदन की यह भावना देश के लोकतंत्र को और भी खूबसूरत बनाएगी। उनके अनुसार, जब गाँव की चौपाल से निकली महिला संसद में कानून बनाएगी, तो उस कानून में ममता की कोमलता के साथ-साथ अनुशासन की कठोरता भी दिखाई देगी। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले जैसी महानायिकाओं का स्मरण करते हुए कहा कि आज की बेटियां फाइटर जेट उड़ाने से लेकर सीमाओं की रक्षा तक हर क्षेत्र में आगे हैं।

महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पंचायतों के बाद अब विधायी निकायों में महिलाओं की सक्रियता बढ़ने से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। अंत में विधायक अनुज शर्मा ने एक प्रेरक कविता के माध्यम से महिलाओं का आह्वान किया कि अभी तो पूरा आसमान बाकी है और उनकी हिम्मत की उड़ान से ही भारत की नई पहचान बनेगी। यह आयोजन नारी शक्ति के प्रति सम्मान और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# जेबी इंटरनेशनल स्कूल का शत प्रतिशत रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी CBSE ने 10वीं सेशन - 1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। तिल्दा नेवरा में भी होनहारों ने अपनी मेधा का परचम लहराया है। शहर के जे.बी. इंटरनेशनल स्कूलका पर्सेंटेज शत प्रतिशत रहा है। स्कुल के छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल कर स्कूल और अपने अभिवावकों का नाम रोशन किया है।

■ 10 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए

जे . बी . इंटरनेशनल स्कूल ने CBSE कक्षा10 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। परिणाम घोषित होते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया।इस वर्ष मानस वर्मा ने 96.4% प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया,इतना ही नही मानस ने AI में 100 में 100% अंक प्राप्त किएए है । कृष्णा सिंह ने 95.8% राजवीर सिन्हा ने 95.0% और राजवीर सिन्हा 95.0% कांची बत्रा 94.6%.तथा अनुष्का जेना ने 93.0%अंक हासिल किए।इसके आलावा चिराग वर्मा 92.6% रितिका शर्मा -92.4%जय आर्य -92.0%चारु चौबे -91.0%साक्षी भगवानी -90.8% अंक अर्जित किए हैं।

छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के उमेश अग्रवाल ,श्रीकांत अग्रवाल और प्रधानाचार्या ममता मेरी ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ-साथ शिक्षकों के अथक प्रयास, समर्पण और मार्गदर्शन ने भी इस सफलता को संभव बनाया। शिक्षकों की निरंतर मेहनत और छात्रों के साथ उनके अटूट सहयोग का यह परिणाम न केवल छात्रों के परिवारों के लिए, बल्कि पूरे जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल और तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और भविष्य में भी सफलता के नए आयाम प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहेगा।

## अवैध लाल भट्ठे का कारोबार, अफसर मौन

**चंदखुरी।** ग्राम पंचायत सिवनी में कई वर्षों से सरकारी जमीन पर अवैध लाल ईंट भट्टा संचालित हो रहा है। लाखों रुपये का यह अवैध व्यापार सरकारी नियम-कानूनों को चुनौती देते हुए खुलेआम चलाया जा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। सूत्रों के अनुसार, मंदिर हसौद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के खसरा नंबर 1701 एवं 1702 की शासकीय भूमि पर यह ईंट भट्टा गुपचुप तरीके से संचालित हो रहा है। गांव के रवि वर्मा द्वारा संचालित इस भट्टे पर राजनीतिक संरक्षण और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा है। रवि वर्मा लंबे समय से यह अवैध कारोबार चला रहे हैं। कुछ दिन



पहले तिलक देवांगन ने इस अवैध ईंट भट्टे को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। कलेक्टर ने शिकायत को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के लिए रेफर कर दिया था, लेकिन तहसील स्तर पर एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की इस निष्क्रियता से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

## गैस संकट, चार दिन में दूसरी बार चक्काजाम



**आरंग।** कई शिकायतों के बाद भी एलपीजी सिलेंडर वितरण में गिरजा गैस एजेंसी की मनमानी नही रुक रही है। एजेंसी द्वारा गैस नही मिलने से आक्रोशित लोगों ने बुधवार को फिर से आरंग-खरोरा मार्ग में चक्काजाम कर दिया। वितरण में अनियमता के चलते चक्काजाम से रोड में चलने वालों को परेशान होना पड़ा। पिछले 4 दिनों में गैस उपभोक्ताओं ने दूसरी बार चक्काजाम किया, लेकिन मामले में प्रशासन और खाद्य विभाग के जिम्मेदारों की चुप्पी हैरान करने वाली है।

## अभनपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती

**अभनपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर सद्भावना भवन अभनपुर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी जी ने अपने कहा कि डॉ. अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश में समानता, न्याय और भाईचारे की नींव रखी डॉ. अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है बाबा साहब की जयंती हर वर्ष उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देती है एवं सामाजिक समानता, शिक्षा और न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने तथा समाज में समानता व न्याय स्थापित करने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी , नीमा निंबेकर, रेवती यादव, सहदेव कोशरिया, दिनेश अंबिलकर, डोमेन्द्र साहू, राजेश साहू, नीलकमल गिलहरे, हिम्मत सिंह, शोभाराम गिलहरे, तरुण साहू, घासू साहू, प्रमोद सिंह, पूजा साहू, रेणुका साहू, रानू डहरिया, थानसिंह डहरिया, डोमेश सिन्हा, अजय सेन, सतीश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## गांव चलो अभियान के जरिए जन-जन तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं : चंद्रशेखर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उपरवारा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा लोक कल्याण की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेकानेक योजनाएं बनाई गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके इसलिये भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम



चलाया जा रहा है। कार्यक्रम को विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक व सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल तथा जनपद सदस्य संतराम साहू द्वारा भी संबोधित किया गया। आभार प्रदर्शन सोसायटी अध्यक्ष राजू तारवानी ने किया। इस दौरान आनंदराम साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस, मंडल महामंत्री सूरज साहू, मंडल महामंत्री गौरव शर्मा, गोविन्द साहू, सुरेश सेन, अवध साहू, प्रेमलाल साहू, डिगेश्वर साहू, मधुसूदन साहू, ललित साहू व सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मालखाना, बंदी गृह, कंप्यूटर कक्ष का किया अवलोकन

# आत्मानंद स्कूल की छात्राओं ने थाने का किया भ्रमण, जाना कानून और अधिकार की ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

बदलते समय के साथ बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति भी जागरूक हो रही हैं। इसी कड़ी में तिल्दा नेवरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्राओं ने स्थानीय पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण कर पुलिस कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था को करीब से समझा।

भ्रमण के दौरान लगभग 55 छात्राओं ने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया। इनमें आगंतुक कक्ष, मालखाना, बंदी गृह, कंप्यूटर कक्ष और थाना प्रभारी कक्ष शामिल रहे। इस दौरान छात्राओं को पुलिस के दैनिक कार्य, एफआईआर दर्ज



करने की प्रक्रिया, हथियारों के उपयोग, वायरलेस सिस्टम और सुरक्षा उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने छात्राओं को पुलिस की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में बताते हुए उन्हें अनुशासन, साहस और देश सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां यदि जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी, तो समाज और देश दोनों सुरक्षित और मजबूत बनेंगे।

इस अवसर पर छात्राओं को "गुड टच और बैड टच" के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, महिला डेस्क, परिवार परामर्श केंद्र और निर्भया पेट्रोलिंग जैसी सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

इसके अलावा छात्राओं को ट्रैफिक नियमों, महिला अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना की स्थिति में वे बिना भय के आगे आएं और इसकी सूचना स्कूल के सूचना बॉक्स या संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों को दें।

इस दौरान स्कूल के शिक्षक तोरण चक्रधारी एवं वेद प्रकाश साहू भी उपस्थित रहे। पूरे भ्रमण के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुलिस व्यवस्था को समझा और कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

यह पहल बेटियों को सशक्त, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### वेदांता पॉवर प्लांट हादसा कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** वेदांता पॉवर प्लांट हादसे को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी जांच समिति का गठन किया है। अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में गठित जांच समिति में 9 लोगों को शामिल किया गया है। घटना के संबंध समिति पीड़ित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लेगी।
जांच समिति में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के साथ पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप, पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, सक्ती जिला अध्यक्ष रश्मि गवेल और जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल शामिल हैं।

### 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लांच करने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार राज्य में सरकारी राशन दुकानों में हो रही गड़बड़ियों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार अब 'राशन एटीएम' का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी में है। यह व्यवस्था उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर की तर्ज पर लागू की जाएगी, जहां इस तरह की मशीनें पहले से काम कर रही हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद हितग्राही एटीएम मशीन की तरह ही अपनी फिंगरप्रिंट स्कैन कर राशन प्राप्त कर सकेंगे, इससे पारंपरिक दुकानों पर निर्भरता कम होगी और प्रक्रिया ज्यादा आसान व पारदर्शी बनेगी। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा के मुताबिक, प्रदेश में पहली बार राशन एटीएम मशीनें लगाई जा रही हैं।

### एयरपोर्ट में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में गत दिनों अडानी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी द्वारा स्थापित नए इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन कार्यवाहक विमानपत्तन निदेशक केके लहरे द्वारा किया गया। यह पहल रायपुर शहर में हरित अवसंरचना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वाणिज्यिक एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नवस्थापित चार्जर की क्षमता 60 किलोवाट है तथा यह सीसीएस टाइप-2 कनेक्टर से सुसज्जित है, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए फास्ट चार्जिंग की सुविधा प्रदान करता है।

### रजिस्ट्री दर बढ़ोतरी का विरोध

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जमीन-मकान की रजिस्ट्री दरों में की जा रही बढ़ोतरी पर एतराज करते हुए हुए महिलाओं को दो प्रतिशत की छूट को जनता के साथछलावा करार दिया है । उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में पंजीयन शुल्कों को तर्कसंगत बनाने 5 फीसदी रखने का सुझाव दे रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की सरकार इन सुझावों को ठेंगा दिखाकर 10 फीसदी वसूली कर जनता की जेब पर डाका डाल रही है।

# बांड से सरकार जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपए, विकास कार्यों पर खर्च होगी ये रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए 1000 करोड़ रुपये के सरकारी प्रतिभूति (स्टॉक) जारी करने का निर्णय लिया है। यह राशि दो हिस्सों में जुटाई जाएगी, जिसमें 5 वर्ष और 14 वर्ष अवधि के बॉन्ड शामिल हैं। इनकी नीलामी रिजर्व बैंक आफ इंडिया के माध्यम से की जाएगी।

### विकास योजनाओं के लिए जुटाई जाएगी राशि

वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह ऋण राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए लिया जा रहा है। इस उधारी के लिए केंद्र सरकार की सहमति भी संविधान के अनुच्छेद 293(3) के तहत प्राप्त कर ली गई है। सरकार 500-500 करोड़ रुपये के दो अलग-अलग स्टॉक जारी करेगी—एक 5 वर्ष की अवधि के लिए और दूसरा 14 वर्ष के लिए।

## 5 और 14 वर्ष अवधि के स्टॉक की नीलामी

### 13 अप्रैल को हुई नीलामी

इन सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी 13 अप्रैल 2026 को मुंबई स्थित रिजर्व बैंक आफ इंडिया कार्यालय में ई-कुबेर सिस्टम के जरिए आयोजित की गई। प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक,गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां 10:30 से 11:00 बजे तक जमा की गईं। नीलामी का परिणाम उसी दिन आरबीआई की वेबसाइट पर जारी किया गया।



### निवेशकों को भी मौका

*सरकार ने कुल जारी राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा गैर-प्रतिस्पर्धी बोलीदाताओं के लिए आरक्षित रखा है। इसमें व्यक्तिगत निवेशकों और संस्थानों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। हालांकि, एकल बोली के लिए अधिकतम सीमा 1 प्रतिशत तय की गई है।*

### भुगतान और ब्याज की शर्तें

*सफल बोलीदाताओं को 15 अप्रैल 2026 को भुगतान करना होगा। भुगतान नकद, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक या आरबीआई खाते से किया जा सकेगा। इन बॉन्ड पर ब्याज दर नीलामी में तय कट-ऑफ यील्ड के आधार पर निर्धारित होगी। ब्याज का भुगतान हर साल 15 अप्रैल और 15 अक्टूबर को किया जाएगा।*

### अवधि और पुनर्भुगतान

इस राशि की अवधि और पुनर्भुगतान की अवधि इस प्रकार रखी गई है। 5 वर्ष वाले स्टॉक की परिपक्वता: 15 अप्रैल 2031, व14 वर्ष वाले स्टॉक की परिपक्वता: 15 अप्रैल 2040। दोनों ही मामलों में राशि का भुगतान परिपक्वता तिथि पर मूल मूल्य ) पर किया जाएगा।बैंकों के लिए भी फायदेमंद निवेशइन सरकारी प्रतिभूतियों को बैंकों के लिए वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर ) के तहत वैध निवेश माना जाएगा। साथ ही, ये स्टॉक रेडी फॉरवर्ड (रीपो) सुविधा के लिए भी पात्र होंगे, जिससे बैंकों को तरलता प्रबंधन में सहूलियत मिलेगी। यह कदम राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं को वित्तीय मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महासम्मेलन में शामिल हुई हजारों महिलाएं

# सीएम साय बोले- पीएम मोदी ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में नारी शक्ति महासम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजिक संगठन की महिलाएं हजारों की संख्या में शामिल हुईं। सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 21वीं सदी में एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय होना जा रहा है। संसद में महिलाओं का 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पूरे देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चल रहे हैं।

उन्होंने कहा, आधुनिक भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 12 वर्षों में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम योजना सहित कई योजनाओं का संचालन महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार संचालित कर रही है। देश के सर्वोच्च पद पर एक महिला द्रौपदी मुर्मू देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।




### पीएम का एक ही प्रण मातृत्व वंदन का हो सर्वत्र अभिनंदन- पांडेय

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में पारित हुआ। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले संसद में 1996, 1998, 2008 में प्रस्तुत हुआ, लेकिन इसका समर्थन किसी ने नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 2029 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होगा लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलेगा, इसके लिए विशेष सत्र बुलाया है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक निर्णायक कदम- रजवाड़े

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा, नारी शक्ति अधिनियम देश की माता-बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने की योजना हैं। महिलाओं की नीति निर्माण तथा राजनीतिक नेतृत्व में सहभागिता सुनिश्चित करने प्रधानमंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री एवं समस्त मातृशक्ति को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, नारी शक्ति अधिनियम केवल एक विधायी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह उन करोड़ों महिलाओं के समर्थ उनके संघर्ष और उनकी अटूट समर्पण का सम्मान है, जो घर की चार दिवारी से लेकर अंतरिक्ष के अभियान तक भारत का तिरंगा फहरा रही है।

### सीएम के साथ सेल्फी लेने दिखा उत्साह

दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का दृश्य अत्यंत उत्साह और आत्मीयता से भरा रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुँचीं महिलाओं में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सेल्फी लेने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं की उमंग और उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने भी बड़े सहज और स्नेहपूर्ण अंदाज में स्वयं उनके मोबाइल लेकर एक-एक के साथ सेल्फी ली।

### दर्शक दीर्घा में बैठे थे मुख्यमंत्री

नारी शक्ति वंदन टाऊन हॉल महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बहनों के सम्मान में दर्शक दीर्घा के अंतिम कतार में बैठकर नारी शक्ति वंदन अभियान का अभिनंदन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर मौजूद रहें । इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पवर्षा करके बहनों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री के सुरक्षा में महिला सुरक्षाकर्मी जुटी हुई थीं, जो नारी शक्ति वंदन महासम्मेलन में चर्चा की विषय बनी रहीं।

### बाइक रैली निकाल कर आभार जताया

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए महिला मोर्चा ने बाइक रैली के माध्यम से आभार व्यक्त किया। बाइक स्कूटी रैली राजधानी रायपुर के आजाद चौक से प्रारंभ हुई जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संपन्न हुई। कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा की बहनों ने नारी शक्ति पदयात्रा निकालकर सदन में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एमपी के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब साढ़े 10 हजार करोड़ रुपए वापस लेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मध्यप्रदेश के पेंशनरों को पैसा दे रहा था छत्तीसगढ़, अब 10536 करोड़ रुपए की राशि सरकार वापस लेगी। बंटवारा नियमों की अनदेखी की वजह से यह चूना लग रहा था। बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पेंशन भुगतान विवाद में अतिरिक्त राशि की वापसी पर सहमति बनी है। राज्य सरकार का इसमें से 2000 करोड़ मिल चुका है, जबकि बाकी राशि 6 किस्तों में मिलेगी।

दरअसल, 25 साल पहले मप्र और छत्तीसगढ़ के बंटवारे के वक्त जितने भी पेंशनधारी छत्तीसगढ़ में रह गए और बाद में जो रिटायर हुए, उनकी पेंशन को लेकर एक मानक तैयार किया गया था। बंटवारे की शर्त थी कि इन लोगों की पेंशन को लेकर जो भी वित्तीय भार छत्तीसगढ़ पर आएगा, उसमें हर एक रुपए का 26.63 प्रतिशत पैसा छग को देना होगा। शेष 73.37 प्रतिशत पैसे की भरपाई मप्र करेगा। पेंशन वितरण में भी यह लागू रहा।

### त्रुटिपूर्ण लेखांकन से अतिरिक्त भुगतान

*साय कैबिनेट की बैठक में ये फैसला हुआ है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अनुरूप छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के बीच पेंशन दायित्वों के विभाजन के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए 10,536 करोड़ रुपए के आधिक्य पेंशन भुगतान की राशि की वापसी पर सहमति दी गई। बैंकों द्वारा पूर्व में हुए त्रुटिपूर्ण लेखांकन के कारण यह अतिरिक्त भुगतान हुआ था, जिसका पुनर्मिलान एवं सत्यापन संयुक्त दल द्वारा किया गया है।*

### 6 किस्तों में देगी 8536 करोड़ की राशि

*प्रस्ताव के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 2,000 करोड़ रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदान की जा चुकी है तथा शेष 8,536 करोड़ रुपए की राशि आगामी 6 वार्षिक किस्तों में दी जाएगी। मंत्रिपरिषद ने इस व्यवस्था को स्वीकार करते हुए वित्त विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकृत किया है।*

### एमपी का शेयर मिल ही नहीं रहा था

हाल ही में छग सरकार में खर्चों का दबाव बढ़ा, तो वित्त की टीम ने पड़ताल शुरू की। पेंशन के आंकड़े देखें, तो पता चला कि मप्र का शेयर तो मिल ही नहीं रहा। यानी पूरा भुगतान छत्तीसगढ़ के खाते से ही हो रहा था। मप्र सरकार भी पैसा देने को राजी हो गई है। मशक्कत इस बात की हो रही थी कि यह पैसा एकमुश्त न देकर दो-तीन साल की किस्तों में दिया जाए।

# छत्तीसगढ़ में यूएपीए मामलों की समीक्षा के लिए प्राधिकरण गठित, 7 दिन में देनी होगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा प्राधिकरण का गठन किया है। यह प्राधिकरण जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों की स्वतंत्र समीक्षा कर अभियोजन स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को सिफारिश करेगा।

### यूएपीए के तहत गठित हुआ प्राधिकरण

गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह प्राधिकरण गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) 7 की धारा 45(2) के तहत गठित किया गया है। इसका उद्देश्य जांच एजेंसियों द्वारा एकत्रित साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन करना और अभियोजन की अनुमति देने से पहले कानूनी जांच सुनिश्चित करना है।

### दो सदस्यीय होगा प्राधिकरण

इस समीक्षा प्राधिकरण में दो सदस्य शामिल होंगे। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश (अध्यक्ष) और विधि एवं विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव या अपर सचिव (सदस्य)। यह संरचना सुनिश्चित करेगी कि कानूनी और प्रशासनिक दोनों दृष्टिकोण से मामलों की जांच हो सके। 7 दिनों में देनी होगी रिपोर्टप्राधिकरण को जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की प्राप्ति के बाद 7 कार्य दिवस के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपनी होगी। यह प्रक्रिया भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और वर्ष 2008 के नियमों के अनुरूप होगी, जिसमें अभियोजन की सिफारिश और स्वीकृति की प्रक्रिया तय की गई है।

### डीजीपी को दिए गए निर्देश

गृह विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण की सिफारिशों के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई पुलिस महानिदेश छत्तीसगढ़ द्वारा की जाएगी। इससे मामलों के निपटारे में गति आने की उम्मीद है। राज्य सरकार का यह कदम संवेदनशील मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और अभियोजन प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि केवल ठोस साक्ष्यों के आधार पर ही मामलों में आगे की कार्रवाई हो।

# यूसीसी पर कांग्रेस बोली आदिवासियों के अधिकारों पर डाका

**मंत्री का जवाब-'उन्हें हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए'**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का फैसला लिया है। इसे लेकर अब नेताओं की प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गई है। यूसीसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अगर छत्तीसगढ़ में यूसीसी लागू होता, तो सबसे बड़ा नुकसान छत्तीसगढ़ के आदिवासियों को होगा। यूसीसी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के खिलाफ है, राज्य में केवल आदिवासी ही ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश में निवासरत अन्य लोगों की अपेक्षा विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला हुआ है। उनकी रक्षा के लिए पेसा कानून लागू है और 5 अनुसूची लागू है और भाजपा यूसीसी लाकर आदिवासियों के हितों में डकैती डालने की कोशिश में है।



विपक्ष के आरोपों पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, इसमें किसी को हाय तौबा नहीं मचाना चाहिए। कांग्रेस अपना धर्म निभाये, हम अपना काम करेंगे। मोदी की गारंटी पर हम लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सालों से यूसीसी को लागू करना बीजेपी के एजेंडे में रहा है। आज साय कैबिनेट ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जितनी जल्दी यूसीसी लागू हो हमारी मंशा है। बैज ने कहा, जब से बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने की घोषणा हुई है, उसके बाद से ही भाजपा के समर्थित उद्योगपति बस्तर में आदिवासियों की जमीन पर नजरें गड़ाये हुए हैं।


### यह हमारा वादा था, कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी- यादव

*साय सरकार में विधि मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा, यूसीसी लागू करने का हमारा वादा था। मोदी जी का सीना 56 इंच का है। तुष्टिकरण के लिए काम नहीं करते। कांग्रेस के लोग धारा 370 हटने पर खून की नदी बहने की बात बोलते थे। देश की जनता सभी मुद्दों पर सरकार के साथ रहती है। कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रहती है। कांग्रेस चाहती है देश धर्मांतरित मतांतरित हो जाए।*

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम झूठी श्रेय लेने की होड़ः कांग्रेस



**रायपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा द्वारा किया जा रहा कार्यक्रम झूठा श्रेय लेने की कवायद है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, महिलाओं की विधानमंडलों में आरक्षण कांग्रेस की समतावादी सोच का परिणाम है। भाजपा की विचारधारा तो महिला आरक्षण की विरोधी रही है। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी हमेशा से प्रयत्नशील थे कि महिलाओं को उनका पूरा अधिकार मिले। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने इसके लिए ठोस प्रयास भी किया था। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संविधान संशोधन विधेयक लाया। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा, भाजपा राजनैतिक मजबूरी के कारण आरक्षण बिल लाने जा रही है। भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों के कारण अलोकप्रिय हो चुकी है।




## ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मिलेगी मजबूती

**एनडीडीबी के साथ एमओयू में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी**

# साय कैबिनेट ने दुधारू पशु योजना में किया बड़ा बदलाव, अब सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुधारू पशु प्रदाय योजना का दायरा बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब इस योजना का लाभ सभी सामाजिक वर्गों को मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कृषि और पशुपालन क्षेत्र को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। साय कैबिनेट ने प्रदेश के पशुपालकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से दुधारू पशु प्रदाय योजना में बड़े बदलावों को मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को मजबूती मिलेगी।



### पायलट प्रोजेक्ट का विस्तार और एमओयू में संशोधन

कैबिनेट की बैठक में दुधारू पशु प्रदाय संबंधी पायलट प्रोजेक्ट योजना के दायरे को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अब इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के समस्त सामाजिक वर्ग के हितग्राही लाभान्वित हो सकेंगे। इसके लिए सरकार ने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ किए गए एमओयू में संशोधन का अनुमोदन किया है। बदलाव का सीधा उद्देश्य योजना को अधिक समावेशी बनाना है, ताकि राज्य का हर वर्ग इसका लाभ उठा सके।

### सभी वर्गों को मिलेगा लाभ, बढ़ेगी आय

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले इस योजना में जो सीमाएं थीं, उन्हें अब हटा दिया गया है। अब अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ-साथ सभी सामाजिक वर्गों के पात्र हितग्राहियों को दुधारू पशु प्रदान किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

### एनडीडीबी के जरिए टीकों की सीधी खरीदी

*कैबिनेट द्वारा राज्य में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने हेतु आवश्यक टीकाद्रव्यों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एनडीडीबी की सब्सिडरी कंपनी इंडियन इम्यूनोलॉजिकल लिमिटेड, हैदराबाद से टीकों की खरीदी किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। निविदा प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिस्पर्धा न बन पाने एवं जेम पोर्टल पर दर उपलब्ध न होने के कारण टीकों की समय पर आपूर्ति में बाधा आ रही थी, जिससे पशुओं का नियमित टीकाकरण प्रभावित हो रहा था। निर्णय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनवरी 2027 तक आवश्यक टीकाद्रव्यों का क्रय उक्त एजेंसी से किया जाएगा, जिससे पशुओं में रोगों की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी, पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा तथा दुग्ध, अंडा एवं मांस उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो सकेगी।*

# पानी की समस्या सुनने नहीं बन पाया हेल्पडेस्क, टोल फ्री नंबर भी जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू के साथ जल बोर्ड और जल विभाग के अधिकारियों की गांधी सदन में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को लेकर महात्मा गांधी सदन के सभागार में समीक्षा बैठक ली। इसमें नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में पानी की समस्या का त्वरित निदान करने मुख्यालय स्तर पर टीम गठित करने का ऐलान किया गया। यही नहीं, शहर की आम जनता की सुविधा के लिए नगर निगम की ओर से एक टोल फ्री नंबर जारी करने की घोषणा की गई, ताकि शहर के किसी भी क्षेत्र से पानी की समस्या को लेकर शहरवासी घर बैंठे अपनी समस्या बता सकें। लोगों के कॉल रिसीव करने व्यवस्था दी गई, पर अब तक न तो शहरी सरकार ने महात्मा गांधी सदन में कोई हेल्प डेस्क बनाया, न ही पेयजल समस्या सुनने टोल फ्री नंबर जारी हुआ।

- जल विभाग अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक्सपर्ट टीम को रिसीव करना है पब्लिक कॉल

दरअसल, शहर के कुछ रहवासी इलाकों में तेज गर्मी के कारण नगर निगम द्वारा लोगों के घरों में लगाए गए नलों में लो प्रेशर की समस्या बनी हुई है। यही नहीं, आउटर के वार्डों में टेल एंड तक पानी नहीं पहुंचने की शिकायत लगातार आ रही है, पर इन शिकायतों के निराकरण के लिए न तो जोन स्तर पर कोई टीम बन पाई और न ही मुख्यालय स्तर पर इसकी मानिटरिंग का सिस्टम बन पाया है। धरातल पर शहरी सरकार की एक्सपर्ट टीम कही नजर नही आ रही।

## महापौर मीनल चौबे ने ग्रीष्मकालीन पेयजल समीक्षा बैठक में की थी घोषणा

### जोन 9 के वार्डो में सबसे ज्यादा पानी की समस्या, जोन कमिश्नर ने मांगे 20 पानी टैंकर




दो दिन पूर्व महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में जल बोर्ड और जल विभाग के अधिकारियों के साथ जल वितरण व्यवस्था को लेकर बुलाई गई विशेष बैठक में जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा द्वारा जोन 9 के सात वार्डो में टेल एंड तक पीने का पानी नही पहुंचने की समस्या बताते हुए जल संकट प्रभावित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए 21 पानी टैंकर की मांग की गई। उनका कहना था कि जोन 9 के ज्यादातर वार्डो में पेयजल आपूर्ति की स्थिति क्रिटिकल है, ऐसे में प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर की व्यवस्था प्रमुखता से करने की जरूरत है। इनमें बैरागी डेरा बीएसयूपी कालोनी,वृंदावन कालोनी, खेमका बीएसयूपी के अलावा दलदल सिवनी के दया विहार, द्वारिका विहार कालोनी में पेयजल संकट ज्यादा है। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड के रहवासी नलों में लो प्रेशर की समस्या से बेहद परेशान हैं। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने पूर्व में पानी की समस्या को लेकर जोन दफ्तर घेराव के लिए अल्टीमेटम भी दिया था। उनके वार्ड की खम्हारडीह बस्ती, पावर्ती नगर, गायत्री नगर, भावना नगर, श्रीराम नगर फेज -1 नीलांचल विहार, सेल टैक्स कालोनी, एकता चौक में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है।

### जोन 5 के भक्त कर्मा माता वार्ड डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में पानी टैंकर

नगर निगम जोन कमिश्नरी के डॉ. खूबचंद बघेल और भक्त कर्मा माता वार्ड में पानी की समस्या से वार्डवासी परेशान हैं। इन वार्डो के कर्मा चौक, डेयरी मोहल्ला में शीतला मंदिर के पीछे वाला क्षेत्र, महादेवनगर, करन नगर, गणपति नगर में पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। नगर निगम इस वार्ड में 6 पानी टैंकर भेजना पड़ रहा है। भक्त कर्मा माता वार्ड के भाठागांव शीतला चौक, श्रीराम नगर, यादव पारा, बीएसयूपी कालोनी भाठागांव, महादेव नगर, देव विहार कालोनी, मीत विहार कालोनी, साकेत विहार श्रद्धानंद स्कूल के पास पेयजल समस्या से लोग परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के गोपी बने संगठन महामंत्री



रायपुर। गत दिनों प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू की अनुशंसा पर प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्वारा प्रदेश युवा प्रकोष्ठ में विभिन्न पदों पर नियुक्त की गई। इसमें रायपुर धरमपुरा निवासी गोपी साहू को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए संगठन महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। छग प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू ने गोपी साहू को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में युवा विंग और अधिक सक्रिय, संगठित व सशक्त बनेगा।

### कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में किया अन्नदान



रायपुर। पंजाब नेशनल बैंक रायपुर मंडल द्वारा माना स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में बुधवार को अन्नदान किया गया। जिसमें चांवल, दाल, खाने का तेल, आटा, दाल, सोया बड़ी, छोले, राजमा, आलू, कुकर, पीवीसी पाइप इत्यादि सामग्री दान में दिया गया। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख वीरेंद्र कुमार शर्मा ने परिसर का निरीक्षण किया, उन्हें कुलदीप निगम वृद्धाश्रम की स्थापना से अब तक के सफर से अवगत कराया गया और सभी बुजुर्गों से सौजन्य भेंट की। साथ ही उन्होंने बुजुर्गों की भविष्य में भी यथा संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विक्की गुप्ता, अक्षय निगम, वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निगम, सचिव बिमल घोषाल, वार्डन पारुल चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

### आरती को मिली पीएचडी की उपाधि



रायपुर। रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा साइकोलॉजी विषय पर आरती शुक्ला को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध का विषय बुलिंग विक्टमाइजेशन : साइकोलॉजीकल डीस्ट्रेस एंड सुसाइडल आइडेशियन एमंग स्कूल गोइंग एडोलेशेन्टस इन था। उन्होंने अपना शोध कार्य एसआरयू की साइकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. चित्रा पांडे के निर्देशन में पूर्ण किया।

### अनुपम गार्डन के सामने बांटे सकोरा



रायपुर। गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है, ऐसे में चिड़ियों की प्यास बुझाने के लिए एक अभिनव पहल संयुक्ता फाउंडेशन द्वारा की गई। फाउंडेशन द्वारा अनुपम गार्डन के सामने सकोरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की सहयोगी वसुधा पांडेय, प्रमिला तिवारी, डॉ. आरती उपाध्याय, दीपक साहू, डॉ. आरती शुक्ला मौजूद रहीं।

## निधन

### ललिता देवी पलसानिया



रायपुर। भावना नगर टैक्स कॉलोनी निवासी ललिता देवी पलसानिया (75) का 14 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे कुंज बिहारी पलसानिया की पत्नी और सीए विनय एवं सीए विकास पलसानिया की माता थीं।

## आरोपी पूर्व में भी फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में जेल जा चुका

# अमेरिकन नागरिकों को लोन देने का झांसा देकर ठगी, मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### मास्टर माइंड महाराष्ट्र से गिरफ्तार

गंज तथा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में कॉल सेंटर की आड़ में अमेरिकन नागरिकों के साथ ठगी करने के मास्टर माइंड को रायपुर पुलिस ने महाराष्ट्र, शोलापुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गुजरात, गोवा, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में लगातार दबिश देकर मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया। आरोपी मुख्य रूप से गुजरात, अहमदाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड और पैन कार्ड जब्त किया है।

अमेरिकन नागरिकों को ठगी करने के आरोप में पुलिस ने विकास नरेंद्र शुक्ला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डार्क वेब, स्काइप, लिंक्डइन और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्म के जरिये अमेरिकी नागरिकों का डेटा खरीदता था। इसके बाद काल सेंटर के माध्यम से उन्हें लोन और क्रेडिट स्कोर सुधारने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाकर ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस ने 25 मार्च को इंटेलिजेंस बेस्ड आपरेशन के तहत सुभाष नगर स्थित पिथालिया कांप्लेक्स और न्यू राजेन्द्र नगर के अंजनी टावर में एक साथ छापेमारी कर तीन काल सेंटरों का भंडाफोड़ किया था। इस कार्रवाई में अलग-अलग राज्य के 42 लोगों को गिरफ्तार किया था।



#### पहले भी ठगी के आरोप में जेल जा चुका

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विकास नरेंद्र शुक्ला को महाराष्ट्र, पुणे पुलिस फर्जी कॉल सेंटर चलाने के आरोप में वर्ष 2019 में गिरफ्तार कर चुकी है। इसके बावजूद वह दोबारा इसी तरह के अपराध में सक्रिय रहा।

#### गिफ्ट कार्ड के जरिये वसूली, डराने के लिए फर्जी वारंट

जालसजों का गिरोह अमेरिकन लोगों को झांसे में लेने के बाद गिफ्ट कार्ड के जरिये पैसे मंगवाता था और जो लोग भुगतान नहीं करते थे, उन्हें फर्जी कानूनी नोटिस और वारंट भेजकर गिरफ्तार करने धमकाता था। जालसाज ठगी की रकम को यूएसडीटी के जरिये 'प्रोसेसिंग चैनल' से भारतीय मुद्रा में बदलकर गिरोह में बांटते हुए रकम हवाला के माध्यम से चीन तक भेजते थे।

# मोतीनगर और प्रगतिविहार में डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 10 के नगर निवेश विभाग की टीम ने रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड अंतर्गत मोतीनगर, प्रगतिविहार में कौशिल्या विहार के पास करीब डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी। स्थल पर निर्मित की गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल काटकर वहां आने-जाने के मार्ग को अवरुद्ध करते हुए कारगर रोक लगाई।

- निगम ने अवैध मुरुम रोड काटकर तत्काल लगाई रोक
- जोन 10 कमिश्नरी क्षेत्र का मामला

शहर से लगे आउटर इलाके में सरकारी खाली पड़ी जमीन और निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत थमने का नाम नहीं ले रही है। नगर निगम जोन 10 के रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड के मोती नगर और प्रगति विहार में कौशिल्या विहार के समीप डेढ़ एकड़ निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत की गई। इस पर संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और जोन 10 कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के निर्देश पर जोन कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता योगेश यदु, सुशील अहीर और उप अभियंता राहुल थौरानी की उपस्थिति में अवैध मुरुम रोड को काटकर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई।

# भरी गर्मी में ओडिशा रूट के यात्रियों की परेशानी, चार दिन नहीं चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच ओडिशा रूट में आवाजाही करने वाले यात्रियों की सफर में परेशानी बढ़ने वाली है। इस रूट में संचालित होने वाली चार पैसेंजर ट्रेनों का संचालन पांच दिन प्रभावित रहेगा। लंबी दूरी के यात्रियों पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा, मगर नियमित रूप से आवाजाही करने वालों की थोड़ी परेशानी बढ़ सकती है।

- संबलपुर रेल मंडल में होगी गर्डर लॉचिंग, पांच दिन प्रभावित होगी आवाजाही

सूत्रों का कहना है कि पैसेंजर ट्रेन के नहीं चलने की वजह से इसके यात्रियों का दबाव अन्य ट्रेनों पर होगा। ओडिशा रुट पर संचालित होने वाली इन पैसेंजर ट्रेनों में काफी संख्या में यात्री नियमित रूप से आवाजाही करते हैं। रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार 17, 18, 27 एवं 28 अप्रैल को चार ट्रेनों के पहिए थमे रहेंगे। इनमें नंबर 58217 टिटलागढ़–रायपुर पैसेंजर, 58518 रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर, नंबर 58214 टिटलागढ़–बिलासपुर पैसेंजर और 58513 बिलासपुर– टिटलागढ़ पैसेंजर का संचालन नहीं होगा। अधिकारियों के मुताबिक उक्त कार्यो के चलते यात्रियों की संरक्षा एवं कार्य की सुचारू प्रगति सुनिश्चित करने के लिए ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत डूंगरीपाली - खालियापाली सेक्शन में रेलवे अवसंरचना कार्य के तहत आरसीसी सेगमेंट बॉक्स की स्थापना तथा रिलीविंग गर्डर के लॉन्चिंग एवं डी-लॉन्चिंग कार्य किए जाने हैं। इसके लिए विभिन्न तिथियों में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा।



### टेबल-टेनिस में अभिनव करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व



रायपुर। दिल्ली में 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक होगी। इसमें टेबल टेनिस में अभिनव पीटर राज्य का नेतृत्व करेंगे। सेंट पॉल्स चर्च इंग्लिश स्कूल के छात्र अभिनव अंडर-14 स्पर्धा में भाग लेंगे। उनका चयन रायपुर संभाग के खिलाड़ियों में से किया गया है। इसके लिए दुर्ग में 11 से 13 अप्रैल तक 5 खिलाड़ियों का कैंप लगाया गया। अभिनव पूर्व में भी पुणे व भिलाई की प्रतियोगिताओं प्रदेश की टीमों में खेल चुके हैं। पुणे में उन्हें तीसरा स्थान मिला था। उन्हें सप्रे स्कूल में विनय बांसवाड़े ने प्रशिक्षक के रूप में ट्रेंड किया है।

## पेज 11 के शेष ...

### गर्मी का प्रकोप, रायपुर लिासपुर...

लोग मास्क अथवा हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहनों में आवाजाही करते नजर आए। धूप का प्रभाव इतना अधिक था कि लोग दफ्तरों और घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी बढ़ने का दौर अगले तीन दिनों तक जारी रहने की संभावना है। इस बीच अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री का इजाफा होने की उम्मीद है। प्रति चक्रवात की उपस्थिति के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। प्रति चक्रवात की उपस्थिति के कारण, प्रदेश में अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अप्रैल के महीने में रायपुर का अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।

### आईपीएल क्रिकेट सट्टे का जाल...

दो लाख रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके द्वारा श्री स्टंप्स, बजरंग बुक, रेड्डी बुक नामक पैनल व आईडी से ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था। सट्टे की रकम का पूरा लेन-देन म्यूल अकाउंट के माध्यम से किया जा रहा था। आरोपियों से पूछताछ के बाद जिन लोगों से उन लोगों द्वारा बैंक अकाउंट किराए पर लिया गया था, पुलिस उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### गांजा के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

रायपुर। मुजगहन थाने की पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो किलो गांजा जब्ती किया है। गांजा बेचने के आरोप में पुलिस ने तरुण रात्रे को को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तरुण को भटगांव के पास गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ा है। तरुण के खिलाफ मारपीट, चाकूबाजी, हत्या की कोशिश, मारपीट सहित 11 प्रकरण थाने में दर्ज हैं।

## बिजनेस साइट

### मां पद्मावती हॉस्पिटल की प्रथम वर्षगांठ पर 15 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर



रायपुर। श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एंड कॉलेजेस की इकाई 'मां पद्मावती हॉस्पिटल' ने सेवा आधारित चिकित्सा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर पचेड़ा स्थित 750 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में 16 से 30 अप्रैल 2026 तक 15 दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, 'सेवा ही धर्म' के सिद्धांत पर संचालित इस संस्थान में कैश काउंटर की व्यवस्था नहीं है, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय मरीजों को राहत मिल रही है। शिविर के दौरान ओपीडी, विशेषज्ञ परामर्श, खून जांच, सोनोग्राफी, एक्स-रे, सीटी स्कैन सहित सभी जांचें निःशुल्क होंगी। जरूरतमंद मरीजों के लिए भर्ती, ऑपरेशन और प्रसव सेवाएं भी मुफ्त उपलब्ध रहेंगी। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। आयुष्मान कार्डधारकों को कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। सुचारू व्यवस्था के लिए पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है।

### बीएसएस प्रणवानंद अकादमी के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम




रायपुर। बीएसएस प्रणवानंद अकादमी के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। परीक्षा में जेसिका जांगड़े और हंशिका अग्रवाल ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया। चाहत गुप्ता ने 97.4 प्रतिशत, फरहत फातिमा ने 93.8 प्रतिशत और मोहम्मद अरशद अंसारी ने 93.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। समार्थ तिवारी ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के 26 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 66 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। यह परिणाम संस्थान की मजबूत शैक्षणिक प्रणाली और छात्रों की निरंतर मेहनत को दर्शाता है। विद्यालय के सचिव स्वामी शिवरूपानंदजी महाराज एवं प्राचार्या अनिंदिता घोष ने सभी सफल छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सीबीएसई 10वीं में जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन, 98% रिजल्ट




रायपुर। जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत कुल परिणाम दर्ज किया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ। मेधावी विद्यार्थियों में शिवानी देवांगन ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने फ्रेंच और स्टैंडर्ड गणित में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए। अक्षया सिंह ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जिसमें सामाजिक विज्ञान में 99 और स्टैंडर्ड गणित में 98 अंक शामिल हैं। वहीं जयश राय ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सामाजिक विज्ञान में 98 अंक हासिल किए। प्राचार्य आर. सी. खंकेरियाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम, आराध्या बनीं टॉपर







रायपुर। एन एच गोयल वर्ल्ड स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में लगातार 14वीं बार शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। इस वर्ष आराध्या देवराज ने 98.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके साथ भाव्या सिरमौर और गुंतस कौर घुमान (97.6%), अदिति पाटेरिया व अर्थ अशोक पालीवाल (97.2%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। परीक्षा में 25 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि 130 में से 41 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन, निदेशक एस. के. तोमर और प्राचार्य डॉ. अविनाश पांडेय ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /........./ अ-6 (अ)/ 2025-26

रायपुर, दिनांक 15/04/2026

ग्राम-टिकरापारा प.ह.नं.-70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. इरफान पिता मो. मुस्लिम निवासी रिंग रोड नंबर 01 मिश्रा होटल के पीछे संजय नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में धारित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 11 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 116/51 रकबा 0.0030 हे. भूमि आवेदक के हक, स्वामित्व की भूमि है। उक्त संपत्ति के नामांतरण आदेश क्रमांक-CG6304505102023052 दिनांक 06/10/2023 है, उक्त आदेश में त्रुटिवश खसरा नंबर 116/51 का रकबा 0.0028 हे. अंकित कर दिया गया है, जो कि त्रुटिवश गलत है। खसरा नंबर 116/51 का सहीं रकबा 0.0030हे. है, जो कि सत्य एवं सहीं है, 'जो कि उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख में भी दर्ज है। अतः उपरोक्तानुसार रकबा संशोधन किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/04/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार रायपुर**

**तहसीलदार मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न.-00022 मंदिर हसौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526440204500055

**// ईश्तहार //**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00022 के अंतर्गत ग्राम मंदिर हसौद के वर्तमान भूमिस्वामी लक्ष्मीकांत पिता/पति- रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, देवेन्द्र कुमार पिता/पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, रुपेश कुमार पिता/पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, योगेश कुमार पिता/पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 397/2 (0.1660) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता देवेन्द्र कुमार पिता/पति-रामकिसुन पता-मंदिरहसौद योगेश कुमार पिता/पति- रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, लक्ष्मीकांत पिता/पति- रामकिसुन पता-मंदिरहसौद, रुपेश कुमार पिता/पति- रामकिसुन पता - मंदिर हसौद के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/04/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार:-Vinod kumar sahu मंदिर हसौद**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि बंगलो जिसका खसरा क्रमांक 1141/59, शंकर नगर (खमारडीह), प.ह.नं. 110/40/ 63, पा. नि. मं. रायपुर-1, वार्ड क्र. 27, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) एवं क्रेता- श्री राजेश कुमार पाण्डेय, पिता- त्रिवेणीपाल पाण्डेय, निवासी- म. नं. MIG- 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) अन्य पता-ग्राम-गजेहरी, पोस्ट-कुम्भापुर, तहसील- लालगंज, अजहरा, प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के मध्य निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20/09/2019 के तहत क्रेता को विक्रय किया गया परन्तु क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है । आज दिनांक तक क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि ब्याज सहित विक्रेता को भुगतान नहीं किया है, विक्रेता क्रेता के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में सिविल एवं दाण्डिक कानूनी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा जिसके लिए क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा। आमजानो से आग्रह है कि उक्त वर्णित बंगलो के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन देन इत्यादि ना करें।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में नीचे दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। तदानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ।

स्थान : रायपुर छ.ग. दिनांक : 20/03/2026

**सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)**
**कार्यालय- डी-45 4th फ्लोर, कोरम काम्प्लेक्स (SIS), vip चौक, तेलीबांधा, रायपुर छत्तीसगढ़, मो.नं. 81098 96575**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आमजनों को सूचित किया जाता है कि बंगलो जिसका खसरा क्रमांक 1141/27, शंकर नगर (खमारडीह), प.ह.नं. 110/40/ 63, पा. नि. मं. रायपुर-1, वार्ड क्र. 27, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) एवं क्रेता- श्री राजेश कुमार पाण्डेय, पिता- त्रिवेणीपाल पाण्डेय, निवासी- म. नं. MIG- 101, फेस-4, कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) अन्य पता-ग्राम- गजेहरी, पोस्ट-कुम्भापुर, तहसील- लालगंज, अजहरा, प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के मध्य निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02/08/2019 के तहत क्रेता को विक्रय किया गया परन्तु क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। आज दिनांक तक क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की सम्पूर्ण राशि ब्याज सहित विक्रेता को भुगतान नहीं किया है, विक्रेता क्रेता के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में सिविल एवं दाण्डिक कानूनी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा जिसके लिए क्रेता स्वयं उत्तरदायी होगा। आमजानो से आग्रह है कि उक्त वर्णित बंगलो के संबंध में क्रेता से किसी भी प्रकार का संव्यवहार या लेन देन इत्यादि ना करें।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक या निकाय इत्यादि को दावा-आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में नीचे दिए गए कार्यालय पर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें अन्यथा निर्धारित अवधि उपरांत उक्त संपत्ति के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। तदानुसार सर्व साधारण को सूचनार्थ।

स्थान : रायपुर छ.ग. दिनांक : 20/03/2026

**सौरभ चौधरी (अधिवक्ता)**
**कार्यालय- डी-45 4th फ्लोर, कोरम काम्प्लेक्स (SIS), vip चौक, तेलीबांधा, रायपुर छत्तीसगढ़, मो.नं. 81098 96575**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 3 बिंदुओं पर महापौर से मिलेगा निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ

**रायपुर।** पुरानी पेंशन योजना को लेकर रायपुर नगर निगम एमआईसी में सितम्बर 2025 को संकल्प लेने के 7 माह बाद भी राज्य शासन से पुष्टि नहीं होने और रायपुर नगर निगम के सेटअप को अंतिम रूप नहीं दिए जाने से नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी नाराज हैं। गुरुवार को नगर निगम रायपुर के सेटअप को शीघ्र अंतिम रूप देने, प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन की 4 श्रम संहिताओं का लाभ देने की मांग का समर्थन करने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने रायपुर नगर निगम कर्मचारी अधिकारी एकता संघ महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप और सभापति सूर्यकांत राठौर से 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे मुलाकात करेगा।

### वेदांता पावर प्लांट हादसा : साईं नगर जोरा ने जताया शोक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण हादसे ने पूरे प्रदेश को गहरे सदमे में डाल दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर जोरा में स्थित भवन में बुधवार को शोक सभा आयोजित की गई। शोकसभा में जोरा समिति के पदाधिकारियों ने इस अप्रत्याशित दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए सभी श्रमिकों के लिए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई और साथ ही सभी शोक संतृप्त परिवारों के लिए भी इस गहन दुख को बर्दाश्त करने के लिए भगवान से प्रार्थना की। शोकसभा में समिति के एचडी बिंद, छगनलाल साहू, डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, छोटेलाल ठाकुर, श्याम सुंदर राय, देवनारायण चंद्राकर, पुजारी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### वेदांता पावर प्लांट के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** वेदांता पावर प्लांट में हुई दुखद घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नहर पारा विकास समिति द्वारा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के नेतृत्व में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर श्री आहूजा ने कंपनी प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को प्रत्येक को 1-1 करोड़ रुपए तथा घायलों को 50-50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। कार्यक्रम में शंकर दानवानी, किशोर आहूजा, हरनाम तलरेजा, हेमंत दाम पोपटानी, अमर बलेचा, तेज सिंह जंघेल अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शिवसेना ने बेहतर चिकित्सा सुविधाएं की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सक्ति जिला में स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भीषण हादसे ने पूरे प्रदेश को हिला दिया है। इस दर्दनाक घटना में अब तक 17 मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 से अधिक लोग घायल हैं। इसी कड़ी में बुधवार को शिवसेना के महासचिव संजय नाग ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग कि है सभी घायलों के उपचार में किसी प्रकार की कमी न हो और आवश्यकतानुसार बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।



# 21 हजार सीटों के लिए 38 हजार आवेदन, 14 हजार का चयन, रायपुर में सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए पहले चरण की लॉटरी बुधवार को निकाली गई। 14 हजार 403 विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया गया। नियम में बदलाव के बाद इस बार आरटीई की सिर्फ 21 हजार हजार 975 सीटों के लिए ही आवेदन मंगाए गए थे। इन सीटों के लिए 38 हजार 439 आवेदन प्राप्त हुए।

जांच के बाद इनमें से 27 हजार 203 आवेदन पात्र एवं 11 हजार 236 आवेदन अपात्र पाए गए। पात्र आवेदनों में से 14 हजार 403 विद्यार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। चयन सूची ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से महानदी भवन के मुख्यमंत्री कक्ष से जारी की गई। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहब, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, डीपीआई उपसंचालक अशोक नारायण बंजारा, आरटीई प्रभारी महेश नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि सरोकार

### किस जिले में कितने चयन

रायपुर में 2606, बिलासपुर में 1509, दुर्ग में 1059, कोरबा में 534, राजनांदगांव में 480, बलौदाबाजार-भाटापारा में 457, जांजगीर-चांपा में 500, मुंगेली में 702, कवर्धा में 367, धमतरी में 354, बलरामपुर में 798, रायगढ़ में 544, बेमेतरा में 315, जशपुर में 543, सक्ती में 347, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 258, महासमुंद में 244, कांकेर में 471, बालोद में 353, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 195, सूरजपुर में 427, सरगुजा में 273, गरियाबंद में 193, कोरिया में 179, बस्तर में 135, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 206, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 112, कोंडागांव में 101, नारायणपुर में 35, मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 48, दंतेवाड़ा में 35, सुकमा में 9 तथा बीजापुर में 14 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।




- आरटीई के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम सूची जारी
- अपात्र पाए गए थे 11 हजार 236 आवेदन

### इसलिए रिक्त रह गईं सीटें

कुछ निजी विद्यालयों में आरटीई सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर पाईं। लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार, कई विद्यालयों को आवेदकों द्वारा प्राथमिकता नहीं दी जाती, जिससे उनके लिए आवेदन प्राप्त नहीं होते। साथ ही जिन विद्यालयों को द्वितीय या तृतीय प्राथमिकता में रखा जाता है, वहां भी सीटें रिक्त रह जाती हैं, क्योंकि आवेदकों को उनकी प्रथम प्राथमिकता वाले विद्यालय में प्रवेश मिल जाता है। परिणामस्वरूप ऐसे विद्यालय, जो किसी भी आवेदक की प्राथमिकता में नहीं आते, उनकी सीटें खाली रह जाती हैं। डीपीआई के अनुसार, आरटीई प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न किया गया है। आगामी चरणों में शेष सीटों की पूर्ति एवं ऑफलाइन लॉटरी से संबंधित जानकारी आरटीई पोर्टल के माध्यम से जारी की जाएगी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग दफ्तर के बरामदा में पानी-धूल के कारण हो रही खराब

# छपाई पर किया लाखों खर्च, अब दफ्तर में डंप योजनाओं से जुड़ी पुस्तकें और प्रचार सामग्री


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत पुस्तकों और प्रचार सामग्री की छपाई में लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। इन पुस्तकों और प्रचार सामग्री को वितरण करने के लिए हर जिले में संचालित विभाग के दफ्तरों में भेजा भी जाता है।

जिला दफ्तरों से इसकी सप्लाई योजनाओं से संबंधित केंद्रों एवं जुड़े लोगों तक पहुंचाने से लेकर जागरूकता शिविर में भी इनका इस्तेमाल किया जाता है, ताकि योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठा सकें, लेकिन जो पुस्तकें एवं प्रचार सामग्री बच जाती है या वितरण नहीं हो पाता है, उन्हें सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन रायपुर के दफ्तर में लाखों रुपए की पुस्तकें एवं प्रचार सामग्री को सुरक्षित स्थान की जगह बरामदा में डंप कर दिया गया है। इसके कारण पुस्तकें और प्रचार सामग्री दोनों खराब हो रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग पिछले कुछ महीनों से पुस्तकों एवं प्रचार सामग्री को लेकर लगातार चर्चा में बना हुआ है। इससे पहले दफ्तर के बरांदा में ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए छपाई गई लाखों-करोड़ों रुपए की पुस्तकों को इसी प्रकार डंप किया गया था, जबकि इन पुस्तकों को रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से भेजा जाना था। इन पुस्तकों को वितरण नहीं कर विभाग के संबंधित अधिकारियों ने रायपुर दफ्तर के बरांदा में ही डंप करा दिया था। इस कारण कई पुस्तकें खराब भी हो गई थी। हरिभूमि ने यह खबर प्राथमिकता से प्रकाशित भी किया था, जिसके बाद आनन-फानन में इन पुस्तकों को यहां से हटाकर शंकरनगर स्थित एक सरकारी भवन में ले जाकर डंप कर दिया गया है।

### आधा वर्ष बीतने के बाद वर्क आर्डर जारी

*आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए छपाई गई करोड़ों रुपए की पुस्तकों का वर्क ऑर्डर भी वर्ष 2025 में आधा वर्ष बीतने के बाद जारी हुआ था। इन पुस्तकों की छपाई में ही दो महीने लग गए थे। अक्टूबर माह में छपाई के बाद पुस्तकों को सभी जिलों में भेजने के लिए विभाग ने रायपुर दफ्तर में डंप किया था।*





### आंगनबाड़ी केंद्रों को अब तक नई पुस्तकें वितरित नहीं

रायपुर जिले में भी ज्यादातर आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक यह पुस्तकें वितरित नहीं की गई हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में पुरानी पुस्तकों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास करने शिक्षा, खेल सहित अन्य गतिविधियों का पाठ पढ़ाया जा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं को भी पोषण, स्वास्थ्य से संबंधित प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पुरानी पुस्तकें खराब हो चुकी हैं, कई पुस्तकों के पेज तक फट गए हैं। सूत्र के अनुसार अब तक नई पुस्तकों का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं हुआ है। ये पुस्तकें अभी भी डंप है।

# इधर, निजी स्कूलों का प्रवेश देने से इंकार, शनिवार बंद रखेंगे स्कूल

- आरटीई फीस में वृद्धि की मांग को लेकर एक मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहे हैं निजी स्कूल
- कल काली पट्टी बांधकर करेंगे काम, शनिवार को बंद रहेंगे प्रदेशभर के विद्यालय

**रायपुर ।** छग शासन द्वारा गुरुवार को आरटीई के अंतर्गत प्रथम चरण की सूची लॉटरी के बाद जारी की गई। इधर, निजी स्कूल संघ ने छात्रों को प्रवेश देने से इनकार कर दिया है। निजी स्कूल लंबे समय से आरटीई राशि में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। अपनी इस मांग को लेकर वे एक मार्च से असहयोग आंदोलन पर हैं। 17 अप्रैल को सभी स्कूल संचालक एवं शिक्षक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। वहीं 18 अप्रैल शनिवार को प्रदेश के समस्त स्कूल बंद रखेंगे। निजी स्कूल संघ का कहना है कि उनके द्वारा इसकी सूचना स्कूल शिक्षा मंत्री को दे दी गई है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष शासकीय स्कूलों में प्रति विद्यार्थी राशि खर्च होने वाली राशि की जानकारी सार्वजनिक करें ताकि निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण हो सके। गौरतलब है कि निजी स्कूलों द्वारा असहयोग आंदोलन प्रारंभ किए जाने के पश्चात शासन द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया था कि यदि निजी स्कूल गरीब छात्रों को प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे तो उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। चेतावनी के पश्चात भी निजी स्कूल अपनी मांगों पर अडिग है।

### स्कूल घाटे में

जो राशि प्रदान की जा रही है, वो पर्याप्त नहीं है। हम घाटे में जा रहे हैं। छोटे स्कूलों का संचालन कर पाना कठिन हो गया है।
- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### अब तक नहीं बढ़ाई गई राशि

निजी स्कूल संघ का कहना है कि 2011 से शिक्षा का अधिकार कानून लागू हुआ है। इस दौरान फीस के रुप में जो राशि तय की गई थी, अभी भी वहीं राशि प्रदान की जा रही है। पिछले 15 वर्षों में बस परिवहन के लिए प्रयोग होने वाले पेट्रोल-डीजल सहित कॉपी, किताबों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। अध्ययन-अध्यापन संबंधित अन्य चीजों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। इसके बाद भी अब तक आरटीई राशि में वृद्धि नहीं की जा सकी है। संघ के मुताबिक, उनके द्वारा लंबे समय से विभिन्न जन प्रतिनिधियों को अपनी मांग प्रेषित की गई। कई स्तर पर प्रयत्न करने के बाद भी उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए उनके द्वारा आंदोलन का सहारा लिया जा रहा है।

# निरीक्षण के लिए आई फॉर्मेसी टीम, कमियां गिनाने बैठे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। यहां फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। जब छात्र संगठनों को इसकी जानकारी मिली तो वे इस दौरान ही विवि का घेराव करने पहुंच गए। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्र घेराव के साथ निरीक्षण के लिए पहुंची टीम को विवि की कमियां गिनाने लगे। कुलसचिव के आश्वासन के बाद छात्रनेताओं ने धरने को खत्म किया।छात्रों ने आरोप लगाया है कि विवि द्वारा वादाखिलाफी करना आम बात है। यदि उनसे किए गए वादे पूरे नहीं किए गए तो वे बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे।



- मामला श्री रावतपुरा सरकार विवि का, निरीक्षण के लिए पहुंची थी टीम

### मूलभूत सुविधाएं नहीं

एनएसयूआई के मुताबिक, गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल में मूलभूत सुविधाएं की मांग छात्र प्रतिनिध मंडल एवं छात्र नेता पिछले कई महीनों से कर रहे हैं। फीस में बढ़ोत्तरी, कूलर, पानी, बिजली एवं गुणवत्ताहीन भोजन जैसी विभिन्न समस्याओं से छात्र-छात्राएं लगातार जूझ रहे हैं। छात्रों ने फार्मेसी डिपार्टमेंट के लैब में उचित गुणवत्ता के उपकरणों की कमी पर भी कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय में प्रवेश के समय प्रशासन द्वारा अनेक लुभावने वादे किए जाते हैं, किंतु ये सारे वादे पूरी तरह खोखले होते हैं। प्रदर्शन एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह के नेतृत्व में हुआ, जिसमें एनएसयूआई सदस्यों सहित अन्य छात्र भी शामिल हुए।

## अफसर ने कहा- जांच की जा रही

# परसुलीडीह में जमकर अवैध प्लाटिंग का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सड्डू-मोवा क्षेत्र में नगर निगम रायपुर सीमा से लगे ग्राम परसुलीडीह सहित आसपास के कुछ अन्य ग्राम में जमकर अवैध प्लाटिंग हो रही है। भू-माफिया इन ग्रामों में छोटे-छोटे टुकड़ों में प्लाट कटिंग कर यहां मकानों का निर्माण कराकर बेच रहे हैं। इस संबंध में तहसील रायपुर में भी शिकायत भी की गई है। इस मामले में राजस्व अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

जिला और नगर निगम प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी अवैध प्लास्टिंग के मामले थम नहीं रहे हैं। ग्राम परसुलीडीह में इन दिनों जमकर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। भू-माफिया एक खसरा नंबर की बड़ी जमीन को टुकड़ों में विभाजित कर प्लाट की बिक्री के साथ मकानों का निर्माण भी करा रहे हैं। इस तरह भू-माफिया इस क्षेत्र में 11 सौ से लेकर 15 सौ वर्गफीट की दर से प्लाट का सौंदा भी कर रहे हैं, जिससे यहां देखते ही देखते अवैध रूप से एक और नई कालोनी भी बन जाएगी। इधर प्लाट और मकान बेचने का काम करने वाले भू-माफिया की ओर से ना ही कालोनाईजर नियम के तहत किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है, जिससे यहां बिजली, पानी, सड़क की सुविधाएं भी नहीं हैं।

### मिट्टी-मुरुम की बना दी सड़क

लोगों को अवैध कालोनी में प्लाट एवं मकान बेचने के लिए भू-माफिया ने यहां प्लाट काटने के साथ मिट्टी और मुरुम की सड़क भी बना रखी है, ताकि इसे देखकर लोग आकर्षित हो और प्लाट या मकान की खरीदी करें।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं

ग्राम परसुलीडीह में अवैध प्लाटिंग से संबंधित शिकायत तहसील में आई है। इस संबंध में जानकारी मिलने पर जांच करने राजस्व अधिकारियों को कहा है। कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जांच में शिकायत सही पाई गई तो इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर

# मोबाइल देखने के विवाद पर हत्या पत्नी-बेटी सहित नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में छह माह पूर्व हत्या की गुत्थी को पुलिस ने आखिरकार सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसकी बेटी तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण पारिवारिक के साथ मोबाइल देखने का विवाद बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर पर 17 जख्म के निशान मिलने की पुष्टि हुई है।

वीरेन्द्र भारती गोस्वामी की हत्या के आरोप में पुलिस ने मृतक की पत्नी दीपा भारती गोस्वामी (44), बेटी तनिया भारती गोस्वामी (19) तथा एक किशोरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपनी बेटी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने का अपराध कबूल किया। आरोपियों ने 27 सितंबर 2025 को रात 11 बजे के करीब हत्या की थी।



**सिर पर चोट के 17 निशान पाए गए थे, पत्नी ने बाथरूम में गिरने की बात कह कर पुलिस को गुमराह करने की थी कोशिश**

**छह माह पूर्व डीडीनगर थाना क्षेत्र की अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया**

### मोबाइल देखने की बात को लेकर विवाद

घटना दिनांक को वीरेंद्र का अपनी पत्नी तथा बेटी के साथ मोबाइल देखने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बीच वीरेंद्र की पत्नी तथा बेटी ने गुस्से में आकर पास रखे लकड़ी के बेट तथा ईंट से वीरेंद्र के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद साक्ष्य छिपाने आरोपियों ने खून साफ कर जो कपड़े पहने थे, उसे तथा लकड़ी के बेट तथा ईंट को पास के नाले में फेंक दिया। इसके बाद लाश को बाथरूम तक खींचकर ले गए और बाथरूम में औंधे मुंह लिटाकर परिजनों तथा पुलिस को वीरेंद्र की बाथरूम में गिरने से मौत होना बताकर गुमराह करने कोशिश की।

## चार वर्ष पूर्व उरला थाना क्षेत्र की घटना

# दो गांजा तस्करों को 20-20 वर्ष कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व ट्रक से गांजा परिवहन कर नागपुर ले जा रहे दो गांजा तस्करों को कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट में हुई। जिन गांजा तस्करों को कोर्ट ने सजा सुनाई है, वे दोनों ओडिशा, गंजाम के रहने वाले हैं। गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई उरला थाना के तत्कालीन टीआई भरत बरेठ ने मुखबिर की सूचना पर की थी।

विशेष लोक अभियोक स्वाति शर्मा के मुताबिक कोर्ट ने गांजा तस्करी करने के आरोप में रंजन कुमार साहू तथा मिट्ठू पदयाली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट में पुलिस द्वारा पेश केस डायरी के मुताबिक 15 मई 2022 को मुखबिर की सूचना पर काजू छिलका ले जा रहे ओडिशा पासिंग ट्रक को रोका तो ट्रक चालक तथा उसमें सवार कंडक्टर ने पुलिस को झांसा देते हुए ओडिशा से काजू छिलका नागपुर ले जाने की जानकारी देते हुए बिल्टी दिखाई। ट्रक की तलाशी लेने पर काजू छिलका के नीचे बोरी में गांजा के पैकेट मिले। पुलिस द्वारा जब्त गांजा का वजन 4.80 क्विंटल था।

**काजू छिलका की आड़ में ट्रक से परिवहन कर गांजा ओडिशा से नागपुर ले जा रहे थे**



# स्कूल समय में गाड़ियों की आवाजाही व्यवस्थित करने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस रेसिडेंस एसोसिएशन के रहवासियों ने स्कूल छूटने के समय गाड़ियों की आवाजाही व्यवस्थित करने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला को ज्ञापन दिया है। तीन माह पूर्व छत्तीसगढ़ क्लब के सामने स्कूली छात्र अंश अठवानी की मौत को गंभीरता से लेते हुए सिविल लाइंस रेसिडेंस एसोसिएशन से जुड़े लोग पुलिस कमिश्नर से मिलने गए। सिविल लाइंस रेसिडेंड एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कुमार शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि तीन माह पूर्व छह फरवरी को छत्तीसगढ़ क्लब के पिछले गेट के सामने सेंन्ट्रल बैंक जाने के रास्तें में रोड एक्सीडेंट में छात्र अंश अठवानी की पुलिस की टो वाहन से कुचलकर मौत हो गई थी। स्थानीय रहवासियों ने तेज रफ्तार चल रही गाड़ियों पर रोक लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है। साथ ही छुट्टी के समय करीब 11.00 बजे बच्चों को लेने उनके पैरेंट भारी संख्या में टू व्हीलर एवं ऑटों से आते हैं। इसके चलते भविष्य में गंभीर दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधक को व्यवस्था करने पुलिस कमिश्नर से निर्देश जारी करने मांग की है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ क्लब से सटा मुख्यमंत्री निवास मार्ग शहर के संवेदनशील व्यस्त मार्ग में शामिल है। इस क्षेत्र में तीन निजी स्कूल संचालित हैं।



02



आदर्श विवाह के लिए समाज ने सजाया....

## एजुकेशन अलर्ट

# सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल के 9175 पदों पर भर्ती शुरू

*20 अप्रैल से भर सकेंगे ऑनलाइन फॉर्म*




**रायपुर।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की ओर से कॉन्स्टेबल (टेक्निकल/ ट्रेड्समैन/ पायनियर- मेल/ फीमेल) के बंपर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 अप्रैल को स्टार्ट हो जाएगी जो निर्धारित अंतिम तिथि 19 मई 2026 तक जारी रहेगी। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से CRPF की ऑफिशियल वेबसाइट rect.crpf.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे।इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्था से मैट्रिकुलेशन (10th) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही पद के अनुसार उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में अनुभव/ ITI सर्टिफिकेट/ हैवी ट्रांसपोर्ट वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस आदि होना चाहिए। इस भर्ती में चयन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट / स्किल टेस्ट/ PET, PST/ डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन/ मेडिकल एग्जामिनेशन आदि से गुजरना होगा। चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को पे लेवल 3 के अनुसार 21,700 - 69,100 रुपये प्रतिमाह सैलरी प्रदान की जाएगी।

### 18 से 23 वर्ष तक को पात्रता

इसके अलावा 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार की आयु कॉन्स्टेबल ड्राइवर पद के लिए 21 से 27 वर्ष और अन्य सभी पदों के लिए 18 से 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी। पद के अनुसार विस्तृत डिटेल चेक करने के लिए नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।इस भर्ती में शामिल होने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक भर्ती पोर्टल **rect.crpf.gov.in** पर फॉर्म भर सकेंगे। आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 100 रुपये जमा करना होगा। एससी, एसटी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क फॉर्म भर सकेंगे।

**विश्व आवाज दिवस पर विशेष :** युवा वॉइस एक्टिंग में अब भर रहे ऊंची उड़ान, बना रहे कॅरियर और पहचान

# वॉइस एक्टिंग का जलवा बिखेर रहे आर्टिस्ट, अब डॉक्यूमेंट्री सहित छॉलीवुड और बॉलीवुड में धमक

**रायपुर।** हर साल 16 अप्रैल को विश्व आवाज दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में आवाज के महत्व को रेखांकित करना, स्वर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आवाज से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों को सचेत करना है। इस दिवस को सेलिब्रेट करने की शुरुआत 1999 में ब्राज़ीलियाई सोसाइटी ऑफ़ लैरींगोलॉजी एंड वॉयस द्वारा की गई थी। इसके बाद से हर साल इस दिन को आवाज का जलवा बिखेरने वाले कलाकारों के लिए समर्पित किया जाने लगा। दिन विशेष की महत्ता को देखते हुए हरिभूमि ने अपनी खास आवाज के दम पर कॅरियर बनाते हुए कमाई करने वाले युवा कलाकारों से बात की। इसमें उन्होंने जीवन से जुड़ी हुई यादें साझा कीं। सभी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि वॉइस रिकॉर्डिंग के समय नायक-नायिकाओं की बातचीत का हिस्सा बनने का एहसास खुशी देता है।

> 'वॉइस एक्टिंग का जलवा अब छत्तीसगढ़ के युवा भी बिखेर रहे हैं। इस विधा में अब कॅरियर बनाने के लिए नए प्रयोग भी कर रहे हैं। कई युवाओं ने छॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक अपनी धमक कायम रखने में सफलता अर्जित की है। मॉडलिंग, एक्टिंग के बाद अब वॉइस एक्टिंग में भी पहचान बना रहे हैं। गुरुवार को जब दुनिया में विश्व आवाज दिवस मनाया जाएगा, ऐसे मौके पर युवाओं की ऊंची उड़ान पर चर्चा लाजमी हो जाता है। इनमें कई आर्टिस्ट ऐसे भी हैं, जो अलग-अलग भाषा में निर्मित फिल्मों और विज्ञापनों में भी डबिंग का दायित्व निभाते हुए तीन से पांच लाख रुपए की वार्षिक आय भी अर्जित कर रहे हैं।'





### डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की डबिंग और रिकार्डिंग



रायपुर में वॉइस आर्ट्रिस्ट के रूप में काम शुरू करने वाली पूनम त्रिपाठी इन दिनों मुंबई में हैं। उन्होंने बताया कि विविध भारती के लिए कई कहानियों जैसे- वजह तुम हो, बिन्दू लखनऊ वाली, वो कौन थी, ड्रामा कैरेक्टर को आवाज दी है। साथ में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्मों में भी वॉइस एक्ट किया। स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के लिए भी काम किया है। दर्जनभर से ज्यादा प्राइवेट कंपनियों के प्रोडक्ट का विज्ञापन करने वाले कई आर्टिस्ट के लिए वॉइस एक्ट किया। इसके साथ ही फिल्म यमदूत में भी काम मिला। हवा महल, सौदा इश्क का जैसे ऑडियो ड्रामा के लिए वॉइस एक्ट किया है। मूल काम के अलावा हर साल तीन लाख रुपए से ज्यादा कमाई वॉइस एक्ट और डबिंग से होती है।

### शासन की योजनाओं के लिए दी आवाज

अविरल साबत ने 2021 में वॉइस एक्टिंग का कोर्स मुंबई से किया। इसके बाद वापस लौटे और छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं के लिए वॉइस रिकार्डिंग करते हुए स्वास्थ्य विभाग, बोरे बासी डे, महतारी वंदन के लिए वॉइस ओवर किया। साउथ इंडियन मूवी रक्षणनम में मन कुरैशी के लिए डबिंग एक्ट किया। साबत बताते हैं कि वॉइस एक्टिंग में कॅरियर बनाने का मन बनाने के बाद बॉलीवुड में भी साख जमाई। इससे कई प्राइवेट कंपनियों के विज्ञापनों में वॉइस एक्ट के लिए काम मिला। इससे मूल काम के अलावा सालाना 5 से 6 लाख रुपए की इनकम होने लगी। अभी इस फील्ड में कॅरियर के रूप में काम कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ी फिल्मों की डबिंग के लिए भी अवसर मिलते हैं। इसे देखते हुए जब जैसा काम मिलता है, कर लेता हूं।



### तेलुगु, ओड़िया सहित कई भाषा में डबिंग

शहर की शीतल दास साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वॉइस एक्टिंग के क्षेत्र में 2011 से ही काम करना शुरू किया। तब इस फील्ड में प्रतिस्पर्धा का दौर कम हुआ करता था, अब युवा इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए प्रशिक्षण लेकर आने लगे हैं। उन्होंने बताया कि पहला अवसर स्थानीय डायरेक्टर सलीम खान ने दगाबाज फिल्म में दिया। अभी तक छॉलीवुड, बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि तेलुगु, ओड़िया और बंगाली फिल्मों में भी वॉइस डबिंग का अवसर मिला है। हर साल 15 से 20 वॉइस रिकार्डिंग का काम मिल जाता है। इससे इनकम के साथ ही शौक को पूरा करने का अवसर भी मिलता है। साथ ही, एक्टिंग का शौक होने से दोहरी जिम्मेदारी भी निभाती हूं। अभी तक करीब तीन सौ फिल्मों के लिए वॉइस रिकार्डिंग की है।

## हेल्थ लाइव

# देशी शरबत और घर का ताजा हल्का भोजन रखेगा शरीर को हाइड्रेट



**रायपुर।** गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों सभी वर्गों को डिहाइड्रेशन की समस्या होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखने मौसम के अनुरूप अपने आहार को संतुलित कर डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है। इस गर्मी के मौसम में पेट संबंधित बीमारियों में पीलिया, दस्त और पेट के अल्सर जैसे गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम देखने को मिलते हैं। इसकी वजह वातावरण के तापमान में बढ़ोतरी, डेली रूटीन डाइट में लगातार बढ़ती जंक फूड, कार्बोनेटेड युक्त पेय पदार्थ हैं। यह कहना है शहर के जाने माने गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप सोलंकी का। उन्होंने आगे बताया कि गर्मी के दिनों में पाचन तंत्र को मजबूत रखना है और खुद को डिहाइड्रेशन से बचाना है तो शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना है। इसके लिए गर्मी के दिनों में सबसे पहले अपने रूटीन खान-पान को संतुलित करें। कामकाजी, बड़े-बुजुर्ग और छोटे बच्चों के लिए घर का बना ताजा खाना ही दें, बाहर का फास्ट फूड और कार्बोनेटेड युक्त पेय पदार्थों से परहेज करें। युवा व बुजुर्ग को रोजाना 3 से 4 लीटर पानी जरूर पीना चाहिए। इसके अलावा देशी शर्बत और पेय पदार्थों को नियमित शामिल करना चाहिए। इसमें बेल के शर्बत, दही, छाछ, नीबू पानी घर पर तैयार कर लेंगे तो लगभग डिहाइड्रेशन से बच जाएंगे।

### दोपहर में घर से निकलने से बचें



स्किन विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय सिंह का कहना है कि गर्मी के दिनों में लोगों में सनबर्न की समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने धूप में निकलने से पहले अपने त्वचा की सुरक्षा के लिए स्कार्फ, कैप, ग्लब्स और त्वचा रोग विशेषज्ञों के परामर्श से स्कीन सनस्क्रीन का सुरक्षा आवरण बनाएं। साथ ही खानपान पर भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। गर्मी में पानी खूब पिएं, दही, खीरे, ककड़ी, हरी सब्जियों का सेवन करें, अधिक ऑयली व मसालेदार खाने से बचें।

### शरीर में पानी और एनर्जी की पूर्ति करते रहें

शहर के जाने-माने डाइटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव का कहना है कि गर्मी के दिनों में तरोताजा रहने के लिए नियमित तौर पर खुद को हाईड्रेट रखना जरूरी है। गर्मी में भागदौड़ व तापमान के कारण शरीर को पानी की पूर्ति करने डाइट में तरल पदार्थों की मात्र बढ़ाएं। इसके लिए स्वच्छ व साफ पानी नियमित पिएं। वहीं, तरल पेय पदार्थों में गुड़ का शर्बत, नारियल पानी, गोंद कतीरा शर्बत, पुदीने का पानी, सौंफ का शर्बत लें। खाने में हल्का व हेल्दी भोजन शामिल करें। इसमें बड़े बच्चों को दलिया, खिचड़ी, रोटी-सब्जी, फल प्रमुख से सकते हैं। इससे गर्मी व तापमान का असर शरीर में कम होगा। पानी और एनर्जी की पूर्ति बरकरार रहेगी।

# सकारात्मक सोच, निरंतर प्रयास और आत्म विश्वास से लक्ष्य को करें हासिल

**रायपुर।** यंग इंडियंस द्वारा होटल हायात में मैनिफेस्टेशन विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें वक्ता काव्याल सेद्दानी ने अपने विचार साझा किए। इस सत्र में 120 से अधिक उत्साही सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व यंग इंडियंस के नेतृत्वकर्ता चेयर पंकज सोमानी एवं कावित पासरी ने किया, जो लगातार चैप्टर के लिए प्रभावशाली पहल कर रहे हैं। सत्र के दौरान काव्याल सेद्दानी ने अपने अनुभवों के आधार पर बताया कि किस प्रकार विचारों, कार्यों और इरादों के सही समन्वय से अपने सपनों को साकार किया जा सकता है। उन्होंने आत्मविश्वास के महत्व पर जोर देते हुए यह भी बताया कि अक्सर लोग अपनी क्षमता को कम आंकते हैं। रोचक उदाहरणों और व्यावहारिक दृष्टांतों के माध्यम से उन्होंने प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच अपनाने, निरंतर प्रयास करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। उनका सत्र उपस्थित सभी सदस्यों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। यंग इंडिया रायपुर युवा नेताओं को सशक्त बनाने और उनके समग्र व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे मंच उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्ध है।




यंग इंडियंस ने किया मैनिफेस्टेशन का आयोजन, युवाओं को मिली प्रेरणा



# संविधान निर्माता के सामाजिक न्याय और संघर्ष को किया याद

**रायपुर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आम आदमी पार्टी द्वारा बिरगांव के शुक्रवारी बाजार में 14 अप्रैल को भव्य समारोह किया गया। इसमें कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संविधान निर्माता डॉ.आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. आम्बेडकर के विचारों, उनके सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्षों और योगदान को याद किया। इसमें वार्ड पार्षद बाबूलाल कुर्रे, अश्वनी चांदे के अलावा, दुर्गा झा, श्वेता तिवारी, अनुषा जोसेफ, सूरज उपाध्याय, मुन्ना बिसेन, विजय झा, पलविंदर सिंग पन्नू, शिव शर्मा, अजीम खान, वीरेंद्र पवार, सागर क्षीरसागर, विजय देवांगन, विनोद चंद्राकर, मिहिर कुर्मी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

**शादी रिसेप्शन में नव दंपतियों को उपहार देने का बदला ट्रेंड**

# शादी को यादगार बनाने अब उपहार में दे रहें सीनरी और जोड़े के नाम लिखे पर्सनलाइज्ड कलाकृतियां

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शादियों का सीजन चल रहा है और शहर के गिफ्ट हाउस में लोगों की उपहार खरीदने भीड़ जुट रही है। शादी रिसेप्शन में दूल्हा-दुल्हन को उपहार भेंट करने की सोसायटी में विशेष परंपरा की चलन है। इस परंपरा को खास व यादगार बनाने समय के साथ रिश्तेदार, फैमिली, फ्रेंड्स आकर्षक व ट्रेंडी उपहार की तलाश करते रहते हैं। शहर के संतोषी नगर चौक, पुरानी बस्ती रोड, गोलबाजार, शंकर नगर बीटीआई मैदान रोड, तेलीबांधा रोड स्थित गिफ्ट हाउस में उपहार खरीद रहे हैं। संतोषी नगर चौक के एक गिफ्ट हाउस के संचालक समीर गुप्ता ने बताया कि आजकल शादी रिसेप्शन उपहार का ट्रेंड तेजी से बदला है। रिश्तेदार अब नव दंपतियों को विवाह में भेंट देने ऐसे उपहारों का चयन कर रहे हैं, जो उनकी यादों में बनी रहे और घर के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता रहे। इसके लिए सोसायटी में स्मृति चिन्ह या सीनरी भेंट करने का चलन तेजी से बढ़ा है, जो एक स्थायी और यादगार तोहफा होता है। यह चलन व्यावहारिक और सुरुचिपूर्ण सजावट की ओर बदलाव को दर्शाता है, जिसे जोड़े नए घर में सजा सकते हैं। ऐसे उपहारों में पर्सनलाइज्ड आर्ट, हस्तशिल्प और कलाकृतियां शामिल हैं, जो उनकी पसंद और यादों को दर्शाती हैं। लोग अब साधारण लिफाफे या सामान्य उपहारों के बजाय यादगार और घर की सजावट में काम आने वाले सजावटी सामान देना पसंद कर रहे हैं।





### हैंडीक्राफ्ट और पेंट की गई वस्तुएं बन रहीं लोकप्रिय विकल्प

लकड़ी के हैंडीक्राफ्ट, पीतल की कलाकृतियां और पेंट की गई वस्तुएं लोकप्रिय विकल्प बन रही हैं, जो न केवल सुंदर होती हैं, बल्कि घर की सजावट में भी काम आती हैं। आजकल जोड़े के नाम या शादी की तारीख के साथ पर्सनलाइज्ड कलाकृतियां बहुत चलन में हैं। लोग ऐसे उपहारों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो जोड़े के आने वाले जीवन में उपयोगी हों। यह चलन दूल्हा-दुल्हन के लिए एक ऐसा तोहफा सुनिश्चित करता है, जो जीवनभर उनके साथ रहे और उन्हें उनकी शादी के दिन की याद दिलाए।

### नेचर और राधा-कृष्ण वाली पेंटिंग की सबसे ज्यादा डिमांड

गोलबाजार स्थित गिफ्ट हाउस के संचालक विवेक अग्रवाल का कहना है कि शादी के लिए सीनरी गिफ्ट आइटम्स में ग्राहकों की पहली पसंद प्रकृति की सुंदरता बिखेरती पेंटिंग्स, सात अश्व की पेंटिंग, समुद्र और जहाज की पेंटिंग खास डिमांड में हैं। वहीं बात करें आध्यात्मिक गिफ्ट आइटम्स की तो इसमें राधा-कृष्ण, सीता-राम और बुद्ध जी की पेंटिंग खूब लोग खरीद रहे हैं। यह गिफ्ट आइटम्स बजट के साथ यादगार व आकर्षक भी होता है, इसलिए इसका ट्रेंड तेजी से बढ़ा है।

## सिटी लाइव

# सिख समाज की प्राथमिकता में शामिल शिक्षा व चिकित्सा



रायपुर। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिख समाज के हर तबके को लाभ मिले, उनकी जरूरत को समाज के लोग अभिभावक की तरह सहयोग प्रदान करें, इस भावना से काम करने के लिए छत्तीसगढ़ सिख सेवा सोसायटी का गठन किया गया। इसके लिए खालसा स्कूल प्रांगण में छत्तीसगढ़ सिख सेवा सोसायटी की पहली सामान्य सभा आयोजित की गई। जहां अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र सिंह छाबड़ा का नाम निरंजन सिंह खनूजा ने प्रस्तावित किया। इस पर सिख संगत ने एक स्वर में बोले सो निहाल का जयघोष करते हुए सहमति दी। सोसायटी का अध्यक्ष बनने के बाद सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि सिख समाज का उत्थान करने के लिए शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों को संगठन के माध्यम से परस्पर सहयोग प्रदान करना ही मुख्य उद्देश्य रहेगा।

### एक उप समिति के लिए भी बनाई गई सहमति

सिख समाज के होनहार बच्चों की उच्च शिक्षा, कोचिंग से लेकर उच्च सरकारी पदों पर नियुक्ति तक संस्था मदद करेगी। कुलदीप सिंह छाबड़ा और राजेंद्र सिंह होरा ने सिख समाज के लोगों का उपचार करवाने के लिए सभी बड़े चिकित्सा केंद्र में रियायत दिलवाने की बात कही। सिख समाज के जिन विद्यार्थियों का 10वीं- 12वीं की परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान बनेगा, उनको गोल्ड मेडल दिया जाएगा। परमजीत सिंह खनूजा ,बलविंदर सिंह लवली ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ सिख समाज के लोगों को मिल सके, इसके लिए एक उप समिति बनाने की सहमति बनाई।

## धर्म लाइव

# मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में हज यात्रा पर जाने वालों को दिया प्रशिक्षण




रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर में सन 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनों को हज का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लोगों को हज कमेटी द्वारा किए गए इंतजाम और कुछ तबदीलियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों ने प्रशिक्षण लिया। इसी कड़ी में बुधवार को रायपुर शहर के मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में हज कमेटी के हज ट्रेनरों द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर की शुरुआत मौलाना महताब किबला ने तिलावते कुरान से की। इस मौके पर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हज यात्रियों को संबोधित करते हुए सभी हाजियों की सफल एवं सुखद हज यात्रा की कामना करते हुए सभी हाजियों से देश एवं प्रदेश की खुशहाली व तरक्की की दुआ करने की अपील की।

### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण शिविर में हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग, महेंद्र छाबड़ा, रमेश ठाकुर, मखमूर इकबाल खान, नजमा अजीम खान, साजिद पठान साहब, कार्यालय प्रभारी, इसराइल खान, नासिर खान, अमिक खान, मोबिन खान, हाजी अब्दुल रहीम, हाजी फहीम खान, मुतवल्ली, शहर जामा मस्जिद, मौलाना शहाबुद्दीन, सहित मुस्लिम समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

## समाज इवेंट

# चांदी की कुदाल से भूमिपूजन जिनालय का जीर्णोद्धार शुरू



रायपुर। चांदी की कुदाल से खनन के साथ ही विवेकानंद नगर स्थित 42 साल पुराने श्री संभवनाथ जिनालय के जीर्णोद्धार की शुरुआत हुई। इस अवसर पर कैवल्य धाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी निपुणाश्रीजी की शिष्या साध्वी स्नेहयशाश्रीजी ने कहा कि जिस तरह हम अपने घर को सुंदर बनाते हैं, उससे सुंदर परमात्मा का मंदिर बनना चाहिए। साध्वीश्री के सानिध्य में सुबह 6.45 बजे स्नात्रपूजा हुई। उसके बाद नवग्रह एवं अष्टमंगल पूजन किया गया। तदुपरांत मंत्रोच्चार के बीच लाभार्थी बैद व लूनिया परिवार ने भूमिपूजन एवं खनन कार्य प्रारंभ कराया। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अंतर्गत प्रस्तावित मंदिर का शिलान्यास समारोह 19 अप्रैल को आचार्यश्री जिन पीयूषसागर सूरीश्वर महाराज एवं आचार्य श्री सम्यकरत्न सागरजी के सानिध्य में होगा। कार्यक्रम का संचालन सुपारसचंद गोलछा ने किया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, ट्रस्टी उज्ज्वल झाबक, नरेश बैदमुथा, राजेन्द्र गोलछा, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर बैदमुथा, स्थानीय जैन समाज के अध्यक्ष पुखराज मुनोत समेत बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकायें उपस्थित रहे।

---

**छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज ने किया आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन**

# आदर्श विवाह के लिए समाज ने सजाया लग्न मंडप, 93 जोड़े ने किया गृहस्थ जीवन में प्रवेश

**छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर द्वारा बुधवार को कांदुल स्थित साहू समाज के विवाह स्थल पर आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिक परंपरा, रीति रिवाज के साथ 93 जोड़े विवाह बंधन में बंधें। इस आदर्श सामूहिक विवाह में प्रदेश के हरदिहा साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का उनके व परिवार की आपसी सहमति के साथ विवाह संपन्न कराया गया।**



### 20 अप्रैल को 65 जोड़े और बंधेंगे

छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर के पदाधिकारियों ने बताया कि आदर्श सामूहिक विवाह का दूसरा आयोजन 20 अप्रैल को कांदुल विवाह स्थल में ही होगा। इसमें 65 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। वहीं, 12 बजे बारात स्वागत एवं 4.30 बजे तक विवाह संपन्न होगा, जबकि शाम 5:30 बजे नव दंपतियों का आशीर्वाद समारोह होगा।

रायपुर। विवाह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से भगवान भोलेनाथ एवं साहू समाज की आराध्य देवी भक्त मां कर्मा की आरती के साथ प्रारंभ हुआ। हल्दी रस्म, विवाह गीत, भक्ति संगीत के साथ बाद 12 बजे बारात स्वागत एवं शाम 4.30 बजे तक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न होने बाद शाम 5:30 बजे नव दंपतियों का आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दूल्हा-दुल्हन के परिवार, रिश्तेदारों की उपस्थिति में आदर्श सामूहिक विवाह आयोजक समिति के पदाधिकारी व मुख्य अतिथियों द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद व उपहार भेंट किया गया। छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज के संरक्षक नंदकुमार साहू और अध्यक्ष विनय कुमार साहू ने बताया कि प्रति वर्ष के अनुसार समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का आदर्श सामूहिक विवाह आयोजित कराया गया। इसमें समाज के सभी वर्ग के गरीब-अमीर परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने परिजनों व रिश्तेदारों की उपस्थिति में एक ही विवाह मंडप में विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज की पहल है कि बिना किसी अतिरिक्त खर्च के सामान्य रूप से आदर्श सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा दिया जाए। आदर्श विवाह एक परंपरा न होकर सामाजिक है। इससे समाज में अमीर -गरीब के बीच भेदभाव को मिटाना और समाज में सादगी से विवाह कराकर अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण करना है।



### विवाह में दिखी समानता व एकता की झलक

आदर्श सामूहिक विवाह में किसान, मजदूर, संपन्न, शिक्षित, व्यापारी, नौकरीपेशा सभी वर्ग के परिवार से युवक-युवतियों ने बिना किसी आर्थिक भेदभाव के एक ही मंडप में सात फेरे लेकर खुशी-खुशी दांपत्य जीवन में प्रवेश किया। विवाह में समाज के डॉक्टर, इंजीनियर, वकील एवं अन्य व्यवसाय से जुड़े युवक-युवतियों ने विवाह बंधन में बंधकर सामाजिक समानता का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि आदर्श सामूहिक विवाह केवल दो परिवारों का नहीं, बल्कि साहू समाज संस्था एवं एकता का त्यौहार है। आदर्श विवाह केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व है। अमीर-गरीब का भेदभाव नहीं है।

### नेशनल फुटबाल खिलाड़ी ने आदर्श विवाह के मंडप में लिया सात फेरा

छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज के अध्यक्ष विनय कुमार साहू ने बताया कि नेशनल फुटबाल खिलाड़ी पुरुषोत्तम साहू ने पॉलीटिकल साइंस में एमए डिग्रीधारी इंद्राणी साहू के साथ परिवार के सहमति व आशीर्वाद से आदर्श सामूहिक विवाह के मंडप में सात फेरा लेकर पवित्र विवाह बंधन में बंधे। वहीं, बोरियाखुर्द निवासी गुलशन साहू ने डूंडा निवासी दुर्गा साहू, तुलेश्वर और लक्ष्मी, अश्वंत और चंपा, उत्तम और जया ने आदर्श सामूहिक विवाह के मंडप में सात फेरे लेकर सामाजिक जागरूकता की मिसाल पेश की।

---

# प्रतिभागियों ने सात दिनों तक की रंग साधना और सीखे गुर



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित आनंद समाज वाचनालय में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित 'युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला' का 14 अप्रैल को समापन किया गया। इसका शुभारंभ 8 अप्रैल को करते हुए प्रतिभागियों को सात दिनों तक रंग साधना का गुर सिखाते हुए उन्हें रंगमंच की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अभिनय की मूलभूत तकनीक, भाव एवं भंगिमा, बॉडी लैंग्वेज के साथ एक्सप्रेशन, संवाद अदायगी, वॉइस मॉड्यूलेशन, टाइमिंग, मंच अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा सीन वर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को नाटक की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसमें स्क्रिप्ट रीडिंग, चरित्र की समझ, मंच सज्जा (सेट डिजाइन), कॉस्ट्यूम चयन, मेकअप, लाइटिंग और टीम वर्क का महत्व बताया गया। 13 और 14 अप्रैल को विशेष रूप से सेट, कॉस्ट्यूम और मेकअप जैसे विषय पर अरुण भांगे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें सीन वर्क के जरिए प्रतिभागियों को मंचीय अनुभव प्रदान किया गया।



### प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों के प्रति जताया आभार

कार्यशाला के समापन समारोह में प्रांत प्रमुख अनिल जोशी, संरक्षक योगेश अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष माणिक विश्वकर्मा और प्रसिद्ध गायिका गरिमा दिवाकर सहित संस्कार भारती के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। कार्यशाला के संयोजक प्रितेश पाण्डेय ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही 21 दिवसीय नाटक निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### आगे भी करेंगे प्रशिक्षण देने के लिए पहल

संयोजक श्री पाण्डेय ने बताया कि इससे प्रतिभागियों को और अधिक गहन प्रशिक्षण प्राप्त होगा। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को सीखने, आत्म विश्वास बढ़ाने, रंगमंच की गहराइयों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। भव्य समापन के साथ यह कार्यशाला एक प्रेरणादायक अनुभव बनकर प्रतिभागियों के सामने आई है। इस कार्यशाला में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आने वाले समय में और बेहतर प्रशिक्षण देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि युवाओं को अच्छे रंग साधक के रूप में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा सके।

# बुजुर्गों को दी कान की मशीन सुन सकेंगे अपनों की आवाज



रायपुर। बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करते हुए जैन संवेदना ट्रस्ट ने सेवा पखवाड़े में 17 बुजुर्गों को सुनने के लिए कान की मशीन का वितरण किया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर और विजय चोपड़ा ने कम सुनाई देने की समस्या को दूर करने के लिए बुजुर्गों को श्रवण यन्त्र का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी बुजुर्गों को माता पिता के समान समझना चाहिए। कम सुनाई देने की समस्या से जूझ रहे बुजुर्गों की सेवा माता- पिता की पूजा के समान है। बुजुर्गों के अलावा बच्चों को भी कम सुनाई देने की समस्या होती है। कोचर और चोपड़ा ने बताया कि कुछ बच्चों को जन्म से सुनाई नहीं देता है, ऐसे बच्चे बोलना भी आरम्भ नहीं कर पाते हैं।

### सेवा पखवाड़े की श्रृंखला में किया गया प्रयास

पांच वर्ष से बड़े बच्चों को भी विशेष प्रकार के श्रवण यन्त्र दिए गए हैं। जिससे वह पहली बार सुनने के बाद मां शब्द का उच्चारण किया, यह बड़ा ही भावुक पल था। महेन्द्र कोचर और विजय चोपड़ा ने बताया कि विगत 15 वर्षों से बुजुर्गों की सेवा का अभियान चलाया जा रहा है। सेवा पखवाड़े में भी बुजुर्गों और बच्चों को श्रवण यन्त्र वितरित किया गया है। विगत वर्षों से अब तक 10250 श्रवण यन्त्रों का वितरण किया गया है। जिन बच्चों और बुजुर्गों को कम सुनाई देता है, वे आड़ियोमैट्री जांच करवाते हुए श्रवण यंत्र लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

---

**सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं की बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम**

# लक्ष्य को हासिल करने विद्यार्थियों ने की मेहनत सीबीएसई बोर्ड एग्जाम में किया अद्भुत प्रदर्शन

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इस बार वैसे तो कई विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत की है, जो परिणाम के रूप में सामने आया है।



इस बार 99.2 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले आरव मिश्रा ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ज्ञान गंगा में पढ़ाई के बाद भी बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए सेल्फ स्टडी पर फोकस किया। इससे पहले आयोजित की गई बोर्ड परीक्षा में पूछे गए सवालों के अनुरूप तैयारी की, इससे लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिली। भविष्य में डॉक्टर बनना चाहता हूं। मेरा मानना है कि खुद पर भरोसा करते हुए ईमानदारी से अगर सेल्फ स्टडी की जाए, तो अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

### टाइम टेबल का खुद करें पालन



टैगोर नगर निवासी लावण्या चांडक ने इस बार भी ज्ञान गंगा स्कूल में पढ़ाई के अलावा नियमित 6 घंटे का स्टडी टाइम तय किया था। उन्होंने बताया कि इसके पहले 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया था। मेरे पापा इनकम टैक्स से जुड़े केस लड़ते हैं, मेरी रुचि भी कॉमर्स में है। इसलिए आने वाले समय के लिए मैंने कॉमर्स लेने का निर्णय लिया है, ताकि इनकम टैक्स फील्ड में ही कॅरियर बना सकूं। इसके लिए अभी से तैयारी कर रही हूं। सेल्फ स्टडी करने के लिए यदि समय तय करें और उसका नियमित पालन करें, तो किसी भी परीक्षा की चुनौती को पार किया जा सकता है।

### विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाई

आदर्श विद्यालय मोवा के विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया सेकंडरी स्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के छात्र तेजस सिंह ने 96% अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अक्षत त्रिपाठी ने 95.6 % अंक के साथ द्वितीय स्थान और मोहम्मद अयान रियाज ने 95% अंक प्राप्त करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया है। विद्यालय के 30 से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्या सबिता चतुर्वेदी सहित केरला समाजम प्रबंधन के अध्यक्ष विनोद पिल्लई, टी.सी. शाजी, डॉ. जैकब सकरिया, जे. सजित नायर, फिलिप सैमुअल, अरुण कुमार, उप प्राचार्या जलजा पिल्लई ने उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### अर्जित किया 90% से ज्यादा अंक

ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी से जुड़े 10वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम इस बार 100% रहा। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता की नई कहानी लिख दी है। इस बार 166 छात्र-छात्राओं ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में भाग लिया। इनमें से 30 छात्र-छात्राओं ने 90% से ज्यादा अंक अर्जित करते परचम लहराया। 120 छात्र-छात्राओं ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रों का यह अद्वितीय परीक्षाफल उनकी संकल्प शक्ति का द्योतक है। साथ ही विद्यालय प्रबंधन के शानदार शैक्षणिक व्यवस्था का भी परिणाम है। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्या और शिक्षकवृंद ने सुखद एहसास देने के लिए बधाई दी है।

### 96% से भी ज्यादा अंक प्राप्त किए

कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं के बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। यह परीक्षा फरवरी- मार्च में आयोजित हुई थी। जिसमें स्कूल के 65 से ज़्यादा विद्यार्थियों ने 90% से ज़्यादा अंक प्राप्त किए हैं। इनमें मान्या आडवाणी ने 96 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुए स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। भूमि पाल, आरशीन, जयश्री गुप्ता, अनन्या मंडल, उदित, खुशी अग्रवाल, मिस्का गुप्ता, अन्वेषा व्यास, आदित्य पांडे, रुचि पटेल, दीपांश साहू, पार्थ कुमा और प्राप्ति तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके लिए प्रचार्या अर्चना मिश्रा, एकेडमिक डायरेक्टर अपर्णा त्रिपाठी, एडिशनल प्राचार्य शुभम मिश्रा, डायरेक्टर डॉ. राकेश मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की है।

सिटी स्पोर्ट्स

## अंडर-23 क्रिकेट में विकल्प ने बनाए नॉट आउट 108 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-23 सिलेक्शन मैच के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न शहरों में प्रमुख टीमों के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ जोन टीम पहली पारी में अपने 14 अप्रैल के स्कोर 9 विकेट पर 227 रन से आगे खेलते हुए 259 रन बनाकर आउट हो गई। कप्तान विकल्प तिवारी ने नॉट आउट 108 रन बनाए।

गेंदबाजी में ईस्ट जोन के सौम्य केसरी एवं आशीष कोरी ने तीन-तीन विकेट लिए। आलोक कुमार ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन टीम दूसरी पारी में 210 रन पर आउट हो गई। रुद्राक्ष सिंह ने 67 रन और पुरुषोत्तम चौहान ने 44 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के आदित्य अग्रवाल ने चार विकेट और आर्यन जायसवाल एवं अखिलेश शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी नॉर्थ जोन दूसरी पारी एक विकेट पर चार रन बनाए।

आरडीसीए रायपुर मे टीम वेस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन का मैच हुए। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम दूसरी पारी तीन विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 246 रन बनाकर आउट हो गई। यश वर्दा ने 79 रन और राहुल प्रधान ने 41 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन सूर्यकांत तिवारी ने तीन विकेट दर्शित, दिवाकर ताम्रकार एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 81 रन बनाए। शेख जुनैद ने 20 रन और तेजस मोरे ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के प्रशांत सिंह एवं भविष्य थपियांल ने दो-दो विकेट लिए।

## धमतरी, कोरबा, जशपुर, कोरिया और रायगढ़ का शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के दूसरे दिन बुधवार को मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम धमतरी विरुद्ध सरगुजा में धमतरी ने पांच विकेट से जीत कर छह अंक हासिल किए। राजनांदगांव में टीम कोरबा विरुद्ध नारायणपुर में कोरबा ने एक पारी एवं 11 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। दल्ली राजहरा में टीम जशपुर विरुद्ध दंतेवाड़ा में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर जशपुर को तीन अंक एवं दंतेवाड़ा को एक अंक मिला। धमतरी में टीम कोरिया जिला विरुद्ध बस्तर में कोरिया जिला ने 6 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए। कवर्धा में टीम बिलासपुर ब्लू विरुद्ध रायगढ़ में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढ़त के आधार पर रायगढ़ को तीन अंक एवं बिलासपुर ब्लू को एक अंक मिला। इसी तरह न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम कांकेर विरुद्ध जांजगीर चांपा में परिणाम जांजगीर चांपा ने 9 विकेट से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किए।



## छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक




**भिलाई।** उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूचर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, बरेली में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक आयोजित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 20 सदस्यीय महिला टीम ने भाग लिया।प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल ई में गुजरात एवं उत्तराखंड के साथ रखा गया था। पूल मैचेस में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मुकाबले में उत्तराखंड को 17-02 गोलों से पराजित किया तथा दूसरे मैच में गुजरात को 26-16 से पराजित कर प्री-क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टर फाईनल में छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में राजय का मुकाबला पंजाब के साथ हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 28-23 से हराते हुए सेमी फाईनल में प्रवेश किया। सेमीफइनल में छत्तीसगढ़ की टीम हिमाचल प्रदेश से 18-32 से पराजित होकर कांस्य पदक जीती। छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया किया।

### आज फैटी लिवर और दूसरी परेशानियां बढ़ रही तेजी से

# हमारी सेहत के लिए बड़ी चुनौती बन कर उभर रहा लिवर में संक्रमण का खतरा, पहचानिए इससे जुड़े लक्षणों को

मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) को नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के नाम से भी जाना जाता है। इसका खतरा अब तेजी से बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों की चिंता है कि साल 2050 तक दुनिया भर में 180 करोड़ से अधिक लोग इसका शिकार हो सकते हैं।



लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को काफी बढ़ा दिया है। लिवर की बीमारियों का बोझ भी अब काफी बढ़ गया है। लिवर रोगों को कुछ दशकों पहले तक बढ़ती उम्र के साथ जुड़ी समस्या के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र वाले यहां तक कि बच्चे भी इसका शिकार हो रहे हैं।

लिवर हमारे शरीर का जरूरी अंग है। ये ऊर्जा प्रदान करने, शरीर से गंदगी को बाहर निकालने और पाचन ठीक रखने में मदद करता है, हालांकि ये अंग अब खतरे में देखा जा रहा है। लिवर की बीमारियां लंबे समय तक बिना कोई बड़ा संकेत दिए बढ़ती रह सकती हैं, ये सबसे बड़ी चिंता है। जब तक लक्षण स्पष्ट दिखते हैं, तब तक कई मामलों में नुकसान काफी ज्यादा हो चुका होता है।

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मेटाबॉलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जो एक बड़ी वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभर रही है। 'द लैंसेट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार साल 1990 में 50 करोड़ लोगों से बढ़कर 2023 में दुनिया भर में लगभग 130 करोड़ लोग इसका शिकार थे। यह आंकड़ा 1990 की तुलना में 143 प्रतिशत की चौंकाने वाली वृद्धि को दर्शाता है।

### दुनियाभर में बढ़ रही है एमएएफएलडी की समस्या

मेटाबोलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज (एमएएफएलडी) को पहले नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के नाम से भी जाना जाता है। ये बीमारियां मेटाबोलिक सिंड्रोम जैसे मोटापा, डायबिटीज औ हाई कोलेस्ट्रॉल के कारण होती हैं, इससे लिवर में फैट जमा होने लगता है। ये दुनिया भर की 30% से ज्यादा आबादी को प्रभावित करती है। अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने अलर्ट किया है कि जिस गति से ये बीमारी बढ़ती जा रही है, ऐसे में आशंका है कि 2050 तक दुनिया भर में 180 करोड़ से अधिक लोग मेटाबॉलिक लिवर की बीमारियों का शिकार हो सकता हैं। इसकी मुख्य वजह मोटापा और ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना है।



### 30 साल में 143% तक बढ़ गए मामले

'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज, इंजरीज एंड रिस्क फैक्टर्स' स्टडी से मिले ये नतीजे 'द लैंसेट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी' जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एमएएफएलडी के मामले तीन दशकों में 143% तक बढ़ गए हैं। हर छह में से लगभग एक व्यक्ति (यानी 16% लोग) इससे प्रभावित है। अनुमान है कि इस बीमारी का प्रसार और भी ज्यादा हो सकता है।

विशेषज्ञों ने कहा, दुनिया की आबादी में बढ़ोतरी के साथ-साथ जीवनशैली में आए बदलाव जैसे कि बढ़ता मोटापा, हाई ब्लड शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का लिवर की सेहत पर भी गहरा असर पड़ रहा है।

### पुरुषों में खतरा अधिक

विशेषज्ञों ने बताया कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में एमएएफएलडी की समस्या का खतरा ज्यादा देखा गया है। 80 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों में इसका प्रसार दर ज्यादा था। प्रभावित लोगों की सबसे बड़ी संख्या कम उम्र के लोगों की थी। पुरुषों में लगभग 35-40 वर्ष और महिलाओं में 55-59 वर्ष की आयु वाले इसका सबसे ज्यादा शिकार देखे गए हैं।

## प्रेगनेंसी में परहेज जरूरी खानपान में बरतें सावधानी

अगर आप या आपके घर में कोई गर्भवती है, तो उन्हें अपने खाने-पीने का खास ध्यान रखना चाहिए। यहां हम आपको बताएंगे कि गर्भवतियों को गर्भावस्था के दौरान किन चीजों के सेवन से दूर रहना चाहिए। गर्भावस्था हर महिला के जीवन का बेहद खास और संवेदनशील समय होता है। इस दौरान मां का स्वास्थ्य सीधे तौर पर शिशु के विकास को प्रभावित करता है, इसलिए खान-पान का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है।

### कच्चा या अधपका भोजन

गर्भावस्था के दौरान कच्चा या अधपका मांस, अंडा और बिना पाश्चराइज किया हुआ दूध बिल्कुल नहीं लेना चाहिए। इनमें साल्मोनेला और लिस्टेरिया जैसे खतरनाक बैक्टीरिया हो सकते हैं, जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनते हैं। इससे मां को उल्टी, दस्त और बुखार हो सकता है, और गंभीर मामलों में यह संक्रमण बच्चे तक पहुंचकर उसके विकास को प्रभावित कर सकता है। कैफीन का अधिक सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। दिनभर में ज्यादा चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक लेने से कैफीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे गर्भपात या बच्चे का वजन कम होने का खतरा रहता है। विशेषज्ञ आमतौर पर 200 एमजी से ज्यादा कैफीन न लेने की सलाह देते हैं।

### पैकेज्ड और जंक फूड

चिप्स, बर्गर, पिज्जा और अन्य फास्ट फूड में ट्रांस फैट, प्रिज़र्वेटिव्स और अधिक नमक-शुगर होती है। ये न सिर्फ वजन बढ़ाते हैं बल्कि ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल को भी असंतुलित कर सकते हैं, जिससे गर्भावस्था में जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

## बिना बेकिंग सोडा के बनाएं मुलायम इडली

बिना ईनो और सोडा के नरम इडली बनाने के लिए सही अनुपात में चावल और उड़द दाल को भिगोकर पीसें, बैटर को 8-10 घंटे तक अच्छे से फर्मेंट होने दें, और स्टीम करते समय सही तापमान बनाए रखें। इससे इडली प्राकृतिक रूप से फूली और स्पंजी बनेगी।



इडली का असली स्वाद और टेक्सचर उसके बैटर की सही तैयारी और फर्मेंटेशन पर निर्भर करता है। अगर बैटर सही तरीके से तैयार किया जाए, तो बिना किसी केमिकल के भी इडली हल्की, सॉफ्ट और स्पंजी बनती है। यह तरीका न सिर्फ हेल्दी है बल्कि स्वाद में भी बेहतर होता है। इस लेख में हम आपको बिना ईनो और बिना सोडा के परफेक्ट इडली बनाने के आसान टिप्स, सही सामग्री का अनुपात, और स्टेप-बाय-स्टेप प्रक्रिया बताएंगे, जिससे आपकी इडली हर बार फूली और स्वादिष्ट बनेगी।

### इडली बनाने की सामग्री

परफेक्ट फूली फूली इडली बनाने के लिए सही अनुपात में सामग्री होना चाहिए। परफेक्ट इडली के लिए 3:1 का अनुपात सबसे अच्छा माना जाता है। 3 कप इडली चावल और 1 कप उड़द दाल। इसमें थोड़ी मेथी दाना (1 चम्मच) डालने से फर्मेंटेशन बेहतर होता है और इडली ज्यादा सॉफ्ट बनती है। अच्छी क्वालिटी की सामग्री का इस्तेमाल बहुत जरूरी है।

### इडली बनाने का तरीका

चावल और दाल को अलग-अलग 4 से 6 घंटे तक भिगोएं। पीसते समय दाल को अच्छी तरह फुलाकर स्मूद पेस्ट बनाएं। बैटर ज्यादा पतला या गाढ़ा नहीं होना चाहिए, मध्यम कंसिस्टेंसी रखें। यही इडली को मुलायम रखने का तरीका है। बैटर को 8-10 घंटे तक गर्म जगह पर ढककर रखें। ठंड के मौसम में बैटर को ओवन या कंबल में रख सकते हैं। सही फर्मेंटेशन से बैटर फूल जाता है और इसमें छोटे-छोटे एयर बबल बनते हैं, जिससे इडली बिना ईनो के ही स्पंजी बनती है। इडली स्टीमर को पहले से गर्म करें और मोल्ड में थोड़ा तेल लगाएं। स्टेप 8- बैटर डालकर मध्यम आंच पर 10-12 मिनट तक स्टीम करें। ज्यादा पकाने से इडली सख्त हो सकती है, इसलिए टाइमिंग का ध्यान रखें।

### एक्स्ट्रा ट्रिक्स

बैटर में नमक फर्मेंटेशन के बाद डालें। बैटर को ज्यादा मिक्स न करें। इडली बनाते समय पानी का स्तर सही रखें। ताजा बैटर से हमेशा बेहतर रिजल्ट मिलता है।

## वैशाख अमावस्या पर राशि के अनुसार करें दान, पितरों की बरसेगी कृपा

वैशाख अमावस्या 17 अप्रैल को मनाई जा रही है। यह तिथि विशेष रूप से पितरों की शांति और तर्पण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन किए गए स्नान, दान और पितृ तर्पण से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी तरह के दोष दूर होने लगते हैं। लेकिन इस दिन अपनी राशि के अनुसार कुछ चीजों का दान करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। साथ ही नौकरी-व्यापार में लाभ मिलता है। मेष राशि के लोग लाल रंग के वस्त्रों का दान कर सकते हैं। इससे ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक लाभ के योग बनते हैं। वृषभ राशि वाले सफेद रंग की वस्तुएं जैसे चावल, दूध का दान कर सकते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। मिथुन राशि वालों के लिए मूंग की दाल का दान करना लाभकारी होता है।


















Contact to Add Your School - 7987119756















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के नए पोस्टर जारी, दिखी जेंडाया-टॉम की झलक



'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' को लेकर बढ़ती उत्सुकता के बीच, फिल्म निर्माताओं ने आज नए टीजर के साथ दो पोस्टर जारी किए हैं। सिनेमाकॉन 2026 में प्रदर्शित किए गए नए पोस्टरों में से एक में जेंडाया पर फोकस किया गया है। 14 अप्रैल को 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दो पोस्टर जारी किए गए हैं। पहले पोस्टर में टॉम हॉलैंड अपने स्पाइडर मैन अंदाज में नजर आ रहे हैं। तो वहीं दूसरे पोस्टर जेंडाया पर फोकस किया गया है। इन दोंनों नए पोस्टर्स को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं।

'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के दोनों पोस्टर्स लास वेगास में सिनेमाकॉन इवेंट के दौरान अनाउंस किए गए। इस दौरान वहां पर फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का एक छोटा सीन भी दिखाया गया। टॉम हॉलैंड अभिनीत यह फिल्म पूरे कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण थी।

'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है, जिन्होंने पहले 'शांग-ची' वाली फिल्म बनाई थी। निर्माताओं का कहना है कि यह फिल्म पिछली स्पाइडर-मैन फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने टॉम हॉलैंड की तारीफ करते हुए कहा कि यह उनका अब तक का सबसे अच्छा काम है। टॉम हॉलैंड ने खुद कहा कि यह अब तक की सबसे भावुक और कुछ हिस्सों में सबसे परिपक्व स्पाइडर-मैन फिल्म है। फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' के ट्रेलर में दिखाया जा चुका है कि 'स्पाइडर मैन नो वे होम' की घटनाओं के बाद दुनिया बदल चुकी है। अब पीटर पार्कर को उसके सबसे करीबी दोस्त भी नहीं पहचान पाते। एक सीन में पीटर एक दुकान पर है।

### टॉलीवुड

## सारा को साउथ की फिल्म मिलने की चर्चा, इस मशहूर अभिनेता के साथ आ सकती हैं



सारा अर्जुन आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' में अपनी अदाकारी की वजह से चर्चा में हैं। वह इस समय सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस बीच, एक रिपोर्ट सामने आई है कि यह स्टार, नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता धनुष के साथ एक अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म के निर्देशक तमिलरासन पचामुथु होंगे।

धनुष के पास निर्देशक तमिलरासन पचामुथु के साथ एक प्रोजेक्ट है। इस फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर रुक्मिणी वसंत को चुना गया था। मगर अब ऐसा लगता है कि अब वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। वह एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म में बिजी हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स अब मुख्य अभिनेत्री के तौर पर सारा अर्जुन के नाम पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जनवरी में, अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी, जिसका अस्थायी नाम 'डी 55' रखा गया है। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

इसके अलावा, धनुष के पास 'कारा' नाम का एक और प्रोजेक्ट भी है, जिसका प्रचार वह इन दिनों जोर-शोर से कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ ममिता बैजू नजर आएंगी। इसमें निर्देशक केएस रविकुमार, जयराम, सूरज वेंजारामूडु, करुणास और पृथ्वी पंडिराज अहम भूमिकाओं में हैं।

इस समय सारा अर्जुन अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। 27 दिनों में इसने 1095.67 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इस फिल्म के पहले पार्ट 'धुरंधर' ने भी अच्छी कमाई की थी। इसमें भी सारा अर्जुन थीं।

### भोजपुरी

## कश्मीरी कुर्ते और हरियाणवी बोल पर रानी ने लगाए जमकर ठुमके



हरियाणवी बोली और हरियाणवी गानों दोनों का क्रेज इन दिनों खूब देखा जा रहा है। 'चल कॉफी पिवाएंगे, मने चा पसंद है' रील खूब ट्रेंड कर रही है। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी भी हरियाणवी बोल बोलने की कोशिश करती दिखी हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कला के क्षेत्र में भाषा संबंधी सीमाओं को तोड़ने का काम बखूबी किया है। अब बॉलीवुड सितारे भोजपुरी गानों पर डांस करते दिखते हैं तो भोजपुरी सितारों पर हरियाणवी म्यूजिक का रंग चढ़ा है। हाल ही में रानी चटर्जी ने भी हरियाणवी गाने पर जबर्दस्त डांस किया।

भोजपुरी म्यूजिक का अपना अलग आकर्षण है। ये अब सिर्फ क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देशभर में भोजपुरी गाने पसंद किए जाते हैं। इसी तरह, हरियाणवी सॉन्ग भी संगीत प्रेमियों की पसंदीदा लिस्ट में जगह बना रहा है। हाल ही में रानी चटर्जी 'आख्या में आख घाली घाली' गाने पर धमाकेदार डांस करती दिखीं। उन्होंने हरे रंग का कश्मीरी कुर्ता पहना हुआ है। रानी चटर्जी ने अपना डांस वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'कश्मीरी कुर्ता ते हरियाणवी बोल। उफ्फ मैं तो शरमा गई'। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज भी शेयर की हैं और लिखा है, 'नजर ना लग जाए'। रानी चटर्जी ने डार्क रेड लिपस्टिक और हैवी आई मेकअप से अपना लुक कंपलीट किया है।




आज की दुनिया में, जहाँ 'फ़ास्ट फ़ैशन' का बोलबाला है और स्टाइल पलक झपकते ही बदल जाते हैं। एसे में पुराने क्लासिक डिज़ाइनों को फिर से अपनाना एक सुखद विद्रोह जैसा है। आप इनके जरिए यादों के उस भंवर में गोता लगा सकते हैं, जहाँ हर पहलू एक कहानी है और सबकी अपनी एक अलग ही पहचान दिखाता है। बीते ज़माने की उस नज़ाकत को अपनाइए और अपने वॉर्डरोब को पुराने और नए के एक मनमोहक मेल से सजाएँ।

## ड्यूई मेकअप लुक से गर्मियों में रहेंगे फ्रेश

ड्यूई मेकअप एक ऐसा स्टाइल है जिसमें त्वचा को नैचुरल, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड लुक दिया जाता है। गर्मियों में इसे सही प्रोडक्ट्स और हल्के लेयरिंग के साथ अपनाया जाए तो यह फ्रेश और ब्राइट लुक देता है, लेकिन ज्यादा ऑयली स्किन वालों के लिए यह चिपचिपा भी लग सकता है। आजकल मेकअप की दुनिया में ड्यूई मेकअप का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर ग्लास स्किन और नैचुरल ग्लो वाले लुक ने हर किसी को आकर्षित किया है। खासकर गर्मियों के मौसम में, जब हैवी मेकअप करना मुश्किल हो जाता है, तब ड्यूई मेकअप एक फ्रेश और हल्का विकल्प बनकर सामने आता है। ड्यूई मेकअप का मतलब है ऐसा लुक जिसमें त्वचा अंदर से चमकती हुई और हाइड्रेटेड दिखे। यह मैट मेकअप के बिल्कुल विपरीत होता है और स्किन को एक सॉफ्ट, ग्लोइंग फिनिश देता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह गर्मियों के लिए सही है? गर्मी में पसीना, ऑयल और धूप का असर मेकअप को खराब कर सकता है। ऐसे में ड्यूई मेकअप को सही तरीके से करना बहुत जरूरी हो जाता है, वरना यह लुक जल्दी ही ऑयली और असहज लग सकता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ड्यूई मेकअप क्या होता है, इसे सही तरीके से कैसे किया जाए और गर्मियों में यह आपके लिए बेस्ट है या वर्स्ट।

ड्यूई मेकअप एक ऐसा स्टाइल है जिसमें स्किन को हाइड्रेटेड, फ्रेश और ग्लोइंग दिखाया जाता है। इसमें हैवी पाउडर का कम इस्तेमाल होता है और लिक्विड या क्रीम बेस्ड प्रोडक्ट्स का ज्यादा उपयोग किया जाता है। इस तरह के मेकअप में त्वचा को प्राकृतिक रूप से दमकता हुआ दिखाया जाता है।



### गर्मियों में ड्यूई मेकअप लुक कितना सही?

यह गर्मियों के लिए बेहतरीन है। इस मौसम में कम प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें और आयल फ्री मॉइश्चराइजर चुनें। इसमें लिक्विड फाउंडेशन, हाइलाइटर और कम पाउडर का उपयोग किया जाता है। यह मेकअप स्टाइल स्किन को सॉफ्ट, यंग और फ्रेश लुक देता है।

### ड्यूई मेकअप लुक पाने का सही तरीका

सबसे पहले स्किन को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करें। फिर लाइटवेट फाउंडेशन या BB क्रीम लगाएं। इसके बाद लिक्विड हाईलाइटर और क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें ताकि नैचुरल ग्लो मिले। सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे।

## गर्मियों में स्टाइलिश दिखना है तो प्रिंट बदल देगा आपका पूरा लुक



गर्मियों में फ्लोरल और लाइट प्रिंट्स पहनना सबसे अच्छा विकल्प होता है। ये न सिर्फ आपको कूल रखते हैं बल्कि आपके लुक को भी फ्रेश और स्टाइलिश बनाते हैं।



गर्मी का मौसम आते ही सबसे बड़ी चुनौती होती है खुद को कूल और स्टाइलिश बनाए रखना। तेज धूप, पसीना और चिपचिपाहट के बीच ऐसा आउटफिट चुनना आसान नहीं होता जो आरामदायक होने के साथ-साथ ट्रेंडी भी लगे। ऐसे में आपके कपड़ों का फैब्रिक ही नहीं, बल्कि उनका प्रिंट भी बहुत मायने रखता है। सही प्रिंट न केवल आपके लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाता है बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी निखारता है। आजकल फैशन इंडस्ट्री में लाइट, ब्रेथेबल और आइ-कैची प्रिंट्स का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। खासकर फ्लोरल, पेस्टल और मिनिमल प्रिंट्स गर्मियों के लिए परफेक्ट माने जाते हैं। ये प्रिंट्स देखने में जितने खूबसूरत होते हैं, उतने ही पहनने में कंफर्टेबल भी होते हैं। चाहे आप कॉलेज जा रही हों, ऑफिस या फिर कैजुअल आउटिंग, सही प्रिंट आपके पूरे लुक को अपग्रेड कर सकता है।



अगर आप भी इस समर सीजन में कुछ नया और ट्रेंडी ट्राय करना चाहती हैं, तो ये लेख आपके लिए है। यहां हम आपको बताएंगे वो खास प्रिंट्स जो इस गर्मी में आपके स्टाइल को बना देंगे सुपर कूल और फैशनेबल।

### फ्लोरल प्रिंट

फ्लोरल प्रिंट हमेशा ट्रेंड में रहने वाला स्टाइल है। यह गर्मियों का सबसे लोकप्रिय और क्लासिक विकल्प है। हल्के रंगों पर छोटे-छोटे फूलों के डिजाइन न सिर्फ आंखों को सुकून देते हैं बल्कि आपको फ्रेश लुक भी देते हैं। फ्लोरल कुर्ती, ड्रेस या साड़ी हर मौके के लिए परफेक्ट होती है।

## गर्मियों में ठंडक पाने नहाने के पानी में मिलाए इसे

गर्मियों में तरोताजा रहने के लिए नहाने के पानी में गुलाब जल, नींबू, नीम पत्ते, पुदीना और चंदन मिलाना फायदेमंद होता है। ये शरीर को ठंडक देते हैं, पसीने की बदबू दूर करते हैं और त्वचा को फ्रेश रखते हैं।

आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिनसे शरीर को ठंडक मिलती है और स्किन भी हेल्दी रहती है। खास बात यह है कि ये चीज़ें आसानी से घर में मिल जाती हैं और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता।

गर्मियों में नहाने के टिप्स

बहुत ठंडे पानी से न नहाएं, नॉर्मल या हल्का ठंडा पानी इस्तेमाल करें। नहाने के बाद शरीर को अच्छे से मॉइश्चराइज करें। दिन में 2 बार नहाने से ज्यादा फ्रेशनेस मिलती है।नहाने के पानी में गुलाब जल मिलाने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है। इसकी खुशबू मूड को फ्रेश करती है और स्किन को भी मुलायम बनाती है। यह गर्मियों में सबसे आसान और असरदार उपाय है। नींबू में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पसीने की बदबू को दूर करते हैं। नहाने के पानी में थोड़ा नींबू रस मिलाने से शरीर साफ



और फ्रेश महसूस करता है।नीम त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसे पानी में उबालकर नहाने से स्किन इंफेक्शन, खुजली और गर्मी के दाने से राहत मिलती है। पुदीना शरीर को ठंडक देने में बहुत कारगर होता है। इसके पानी से नहाने पर त्वचा को कूलिंग इफेक्ट मिलता है और थकान भी दूर होती है।

## अप्रैल-मई में झड़ते हैं ज्यादा बाल, जानिए असली वजह

अप्रैल-मई में गर्मी, पसीना, डिहाइड्रेशन और पोषण की कमी के कारण बाल ज्यादा झड़ते हैं। सही डाइट, हाइड्रेशन और स्कैल्प केयर से इसे रोका जा सकता है। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही कई लोगों को एक आम समस्या परेशान करने लगती है, बालों का ज्यादा झड़ना। खासकर अप्रैल और मई के महीनों में यह समस्या और बढ़ जाती है। लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं या इसे सामान्य मान लेते हैं, लेकिन इसके पीछे कई अहम कारण छिपे होते हैं। दरअसल, मौसम में बदलाव, तेज धूप, पसीना और स्कैल्प की देखभाल में कमी बालों को कमजोर बना देती है। इसके अलावा शरीर में पोषण की कमी और पानी कम पीना भी हेयर फॉल को बढ़ा सकता है। यही वजह है कि इस समय बालों की सही देखभाल बेहद जरूरी हो जाती है। गर्मी में लू चलती है। पसीने, तेल और धूल से स्कैल्प पर गंदगी जमती है, जिससे बालों की जड़े बंद हो जाती है और गर्मी में पसीना, तेल और धूल के मिलने से बाल झड़ने लगते हैं।धूप की यूवी किरणें बालों से नमी सोख लेती हैं जिससे वे बेजान, सूखें और कमजोर होकर टूटने लगते हैं। सिर में गर्मी और पसीने से बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं, जिससे बालों की ग्रोथ प्रभावित होती है। शरीर में पानी की कमी के कारण बालो की जड़े सूख जाती हैं जिससे समय से



पहले बाल झड़ने लगते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है। गर्मी के मौसम में शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ सकता है, जिससे बाल झड़ने लगते हैं। प्रोटीन, आयरन और विटामिन की कमी बालों को पतला और कमजोर बना देती है। संतुलित आहार बेहद जरूरी है।

### बाल झड़ने से रोकने के घरेलू उपाय

सही हेयर केयर रूटीन से बाल झड़ने से रोका जा सकता है। माइल्ड शैंपू, ऑयलिंग और स्कैल्प मसाज बालों को मजबूत बनाते हैं और हेयर फॉल कम करते हैं। गर्मियों में तेज धूप, लू और पसीने से बचने के लिए बाहर निकलते समय बालों को ढ़क लेना चाहिए। कैप या स्कार्फ से बालों को ढकने से सीधी धूप नहीं लगती।

कार्नर न्यूज

### हाल ही में दिवंगत हुईं पार्श्व गायिका आशा भोसले की फैशन स्टाइल है चर्चा में

## फैशन क्वीन थीं आशा, उनकी साड़ियों का शानदार कलेक्शन और स्टाइल जानकर रह जाएंगे दंग

पार्श्व गायिका आशा भोसले सिर्फ अपनी मधुर आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। दशकों तक बॉलीवुड में अपनी गायकी से राज करने वाली आशा ने अपने स्टाइल और साड़ी कलेक्शन से भी लोगों को खूब प्रभावित किया। उनका हर लुक क्लासिक, एलिगेंट और टाइमलेस रहा है, जो आज भी फैशन लवर्स के लिए प्रेरणा बना हुआ है। मशहूर सिंगर आशा भोसले ने 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली। अपने सुरों से जादू बिखेरने वाली आशा भोसले के साड़ी लुक्स भी एक से बढ़कर एक थे। गुलाबी रंग की सिल्क की साड़ियां भी उन पर खूब अच्छी लगती थी।. मिनिमल जूलरी पहन अपने लुक्स को और ज्यादा खास बनाती थी। आशा भोसले का फैशन हमेशा सादगी और शाही अंदाज का मिश्रण रहा। खासकर उनकी साड़ियों का कलेक्शन बेहद खास और यूनिक था—चाहे वह सिल्क साड़ियां हों, कांजीवरम या बनारसी। हर मौके पर उनका लुक परफेक्ट और ग्रेसफुल



नजर आता था। उनकी स्टाइलिंग में ट्रेडिशनल के साथ मॉडर्न टच भी देखने को मिलता था, जो उन्हें बाकी से अलग बनाता था।आज के दौर में भी अगर कोई क्लासिक इंडियन फैशन की बात करता है, तो आशा भोसले का नाम जरूर आता है। आपको उनके आइकॉनिक साड़ी कलेक्शन, स्टाइलिंग टिप्स और उनके फैशन सीक्रेट्स के बारे में जरूर जानना चाहिए

### साड़ियों का शानदार और आइकॉनिक कलेक्शन

आशा भोसले के पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन था। खासकर बनारसी, कांजीवरम और सिल्क साड़ियों में उनका लुक बेहद आकर्षक लगता था। वह हर साड़ी को इतनी खूबसूरती से कैरी करती थीं कि वह ट्रेंड बन जाता था। सियान ब्लू कलर की इस साड़ी में उनका स्टाइल और लुक बेहद ही खूबसूरत सा नजर आ रहा है। मैचिंग की मिनिमल जूलरी पहन पूरे लुक को कंप्लीट करती थी। माथे पर लाल कलर की बड़ी सी बिंदी भी हमेशा लगाती थीं। लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी उन पर बेहद ही खिलती थी। बालों में बन बनाकर गजरा लगाया करती थी।

